तापमान

अधिकतम 38.8 डिग्री

न्यूनतम 20.6 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, सोमवार 13 अप्रैल 2026

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

## 65 घरों की जांच की गई, जिसमें सात पीलिया के मरीज मिले

सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी ने बताया कि प्रभावित क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 65 घरों की जांच की गई, जिसमें 7 पीलिया से ग्रसित नए मरीज मिले। इस प्रकार उक्त संक्रमित क्षेत्र में आज दिनांक तक कुल 31 पीलिया के मरीज मिल चुके हैं। उनमें से 1 पुराने मरीज डिस्चार्ज हुआ। इस प्रकार भर्ती मरीज श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में 3, पल्स हॉस्पिटल में 1 मरीज का उपचार किया जा रहा है।



## पीलिया से बचाव के लिए हेल्थ विभाग ने जारी की एडवाइजरी, सावधानी बरतने के दिए निर्देश

डॉ. दानी ने बताया कि पीलिया प्रदूषित जल व भोजन से फैलने वाला संक्रामक रोग है, जो विषाणुओं के संक्रमण से होता है। विषाणुओं के शरीर में प्रवेश करने के 15 से 50 दिनों के भीतर बीमारी के लक्षण प्रगट होते हैं। पीलिया के प्रमुख लक्षण भुख न लगना, पीले रंग की पेशाब होना, भोजन का स्वाद न आना, उल्टी लगना या होना, सिर में दर्द होना एवं कमजोरी तथा थकावट का अनुभव करना, पेट के दाहिने तरफ ऊपर की ओर दर्द होना, आंखे व त्वचा का रंग पीला होना। इस प्रकार की किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर चिकित्सकीय परामर्श आवश्यक है।

# सेक्टर-सात में नहीं थम रहा पीलिया का संक्रमण

# चौथे दिन मिले सात नए केस, अब तक 31 पॉजिटिव

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई




**पीलिया प्रदूषित जल और भोजन के माध्यम से फैलने वाला संक्रामक रोग**

टाउनशिप के वार्ड-67 सेक्टर 7 पश्चिम सड़क 37 ए में पीलिया का प्रकोप जारी है। रविवार को भी स्वास्थ्य विभाग की टीम ने हेल्थ कैम्प लगाया। साथ ही घर-घर जाकर संदिग्ध मरीजों की जांच की गई। क्षेत्र में अब तक पीलिया के 31 मरीज मिल चुके हैं। रविवार को जांच के दौरान 7 नए मरीज सामने आए हैं।

पीलिया के लगातार बढ़ते खतरे को देखते हुए सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी के निर्देश पर अधिकारियों की टीम ने प्रभावित क्षेत्र में पहुंचकर जानकारी ली। उन्होंने बताया कि पीलिया का संक्रमण प्रदूषित जल और भोजन के माध्यम से मनुष्य की शरीर में पहुंचता है।

पूरी संभावना है कि पेयजल के माध्यम से पीलिया का वायरस लोगों के शरीर में पहुंचा। बहरहाल स्थानीय निकाय और बीएसपी प्रबंधन की टीम नियमित रूप से प्रभावित क्षेत्र में जांच कर रही है। इधर स्वास्थ्य विभाग से शास्त्री अस्पताल सुपेला के प्रभारी डॉ. पियाम सिंग, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट ऋतिका सोनवानी, विजय सेजुले, हितेन्द्र कोसरे ने बीईटीओ एवं स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं मितानिनों के साथ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण किया गया। सेक्टर-07, स्ट्रीट-37ए भिलाई में पीलिया ग्रस्त होने के कारण लक्षण पाये गये मरीजों का रक्त नमूना लिया गया।

## खबर संक्षेप



### गांजा के साथ महिला को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा का अवैध कारोबार करने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि टोल फ्री नंबर 1933 पर सूचना पर छावनी पुलिस जी.ई. रोड स्थित हीरो शोरूम के पीछे पावर हाउस पहुंची। दबिश देकर प्रगति नगर कैम्प-1 निवासी एन इमला को पकड़ा गया। महिला के पसा से सफेद रंग के प्लास्टिक थैले में रखा कुल 1.138 किलो ग्राम गांजा जब्त किया गया। जिसकी कीमत 55 हजार 800 है। महिला के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत कार्रवाई किया है।

### धारदार हथियार लहराते पुलिस ने युवक को पकड़ा



**भिलाई।** धारदार हथियार लहराने वाले को पुलिस ने पकड़ा है। छावनी पुलिस ने बताया कि रायपुर रोड स्थित सी-मार्ट के पास व्यक्ति द्वारा हाथ में धारदार हथियार लेकर लहराने वाले दुर्गा पारा निवासी मयंक साहू उर्फ छोटू को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से पुलिस ने धारदार हथियार जब्त किया।

## महतारी वंदन योजना : ई-केवाईसी करवाने आंगनबाड़ी का चक्कर काट रहे हितग्राही

# 4 लाख हितग्राहियों की ई-केवाईसी, महिला बाल विकास में कंप्यूटर ऑपरेटरों का टोटा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

**हरिभूमि एक्सक्लूसिव**

दुर्ग जिले में महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों की ई-केवाईसी करवाई जा रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ई केवाईसी शहरी क्षेत्र में वार्डों व आंगनबाड़ी केंद्रों में और ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतों में करवाना है। जिले में 4 लाख 296 हितग्राांहियों की ई केवाईसी होना है लेकिन हाल-बेहाल है। ई केवाईसी करने के लिए न वार्डों में और न ही आंगनबाड़ी केंद्रों में कंप्यूटर ऑपरेटरों की व्यवस्था की गई है। जिसकी वजह से इस भीषण गर्मी में हितग्राहियों को चक्कर काटने पड़ रहे हैं। जहां ऑपरेटर की व्यवस्था है वहां इतनी भीड़ है कि ई- केवाईसी करवाने के लिए सुबह से शाम तक मशक्कत करनी पड़ रही है।



उमरपोटी ग्राम पंचायत में ई-केवाईसी के लिए पंचायत ने स्वंय ऑपरेटर की व्यवस्था की है। रविवार अवकाश के दिन भी यह कार्य हुआ।

### आंगनबाड़ी केंद्रों में चस्पा है सूची

दुर्ग जिले में 3 हजार आंगनबाड़ी केंद्र हैं। इन केंद्रों में हितग्राहियों की सूची चस्पा की गई है। हितग्राही इस सूची में अपना नाम देखकर रजिस्ट्रेशन नंबर लेकर कंप्यूटर ऑपरेटरों के पास जाना है। लेकिन शहरी क्षेत्र के अंतर्गत वार्डों और आंगनबाड़ी केंद्रों में महिला बाल विकास द्वारा कंप्यूटर ऑपरेटरों की व्यवस्था नहीं की गई है। हितग्राही बताते हैं कि आंगनबाड़ी केंद्रों से रजिस्ट्रेशन नंबर नोट कर लोक सेवा केंद्रों में जाना पड़ रहा है। बिना रजिस्ट्रेशन नंबर और आधार कार्ड के ई-केवाईसी हो नहीं सकता।

### इस उदाहरण से समझिए कंप्यूटर ऑपरेटरों से जूझ रहा विभाग

**केस 1**

रिसाली निगम के अंतर्गत 40 वार्ड हैं। पांच से छह वार्ड के पीछे एक कंप्यूटर ऑपरेटर की व्यवस्था की गई है। इसी तरह भिलाई निगम, भिलाई तीन चरोदा और दुर्ग नगर निगम क्षेत्रों में भी महिला बाल विकास ने पर्याप्त कंप्यूटर ऑपरेटर नहीं दिए हैं। इसलिए यहां सभी जगह ई केवाईसी का कार्य प्रभावित हो रही है। हितग्राही लोक सेवा केंद्रों में भेजे जा रहे हैं।

**केस 2**

ग्रामीण परियोजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में महतारी वंदन योजना की ई केवाईसी हो रही है। उमरपोटी ग्राम पंचायत स्वयं के कंप्यूटर ऑपरेटरों के माध्यम से ग्रामीण हितग्राहियों का ई केवाईसी करवा रहा है। जिले में 297 ग्राम पंचायत हैं। इनमें से केवल 20 प्रतिशत ही पंचायतों के अपने कंप्यूटर ऑपरेटर हैं। शेष ग्राम पंचायतों को महिला बाल विकास के कंप्यूटर ऑपरेटर की दरकार है।

### 30 जून तक ईकेवाईसी

महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को 30 जून तक ई केवाईसी करवाना है। इसके लिए व्यवस्था की जा रही है। लोक सेवा केंद्रों में निःशुल्क ई केवाईसी करना है। मैदानी स्तर से हमने फीडबैक मंगवाया है। कहीं कोई दिक्कत हो तो उसे सुलझाएंगे।

**-आरके जामुलकर,** जिला अधिकारी महिला बाल विकास विभाग

### लोक सेवा केंद्रों में प्रिंट के नाम पर 20 से 30 रुपए वसूली

हितग्राही बताते हैं कि आंगनबाड़ी केंद्रों से लोक सेवा केंद्रों में भेजा जा रहा है। लोक सेवा केंद्रों में महतारी वंदन योजना की ई केवाईसी करवाने के बाद उसका प्रिंट भी दिया जा रहा है। इस प्रिंट के नाम पर 20 से 30 रुपए प्रति हितग्राही वसूली की जा रही है। जबकि महिला बाल विकास विभाग के निर्देश के हिसाब से ई केवाईसी निःशुल्क है। हितग्राही महिलाओं ने बताया कि हर महीने 1000 रुपए सरकार डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में पैसा भेजती है। ई केवाईसी नहीं हुई तो आने वाले महीने में पैसा आएगा कि नहीं इसे लेकर संदेह है। इसलिए लोक सेवा केंद्रों में पैसे देना मजबूरी हो गई है।

# ठेका श्रमिक ने लगाई फांसी पेड़ में लटकी मिली लाश

**एक दिन पहले पति-पत्नी में हुआ था विवाद**



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

ठेका श्रमिक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का अब तक खुलासा नहीं हो पाया है। मामले में भट्ठी थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। भट्ठी पुलिस ने बताया कि सेक्टर 4 निवासी अजय प्रजापति बीएसपी की कोक ओवन कैंटीन में कुक का काम करता था। रविवार की सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने पेड़ से लटकी लाश देखने पर पुलिस को सूचना दी। तब घटना की जानकारी परिजनों को हुई। शव का पंचानाम कर उसे पीएम के लिए अस्पताल भेजा गया। मृतक अजय अपनी पत्नी और 6 माह के बच्चे के साथ रहता था। मृतक नशे की हालत में रहता था। इसी बात को लेकर पति पत्नी में विवाद हुआ करता था। घटना के दिन भी विवाद के बाद घर से निकला था। नशे को लेकर मृतक की पत्नी लगातार उसे समझाती रही लेकिन नशा करना वह छोड़ नहीं रहा था। शनिवार रात को भी अजय नशे की हालत में घर पहुंचा। उसका पत्नी से विवाद हुआ, उसके बाद वह घर से बाहर निकल गया। मृतक के पिता और भाई रायपुर से भिलाई पहुंचे। फिलहाल अजय के आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। शुरुआती जांच में घरेलू विवाद और नशे की लत को माना जा रहा है। जांच के बाद भी कारणों का खुलासा हो पाएगा। थाना प्रभारी प्रकाशकांत ने बताया कि पुलिस जांच में जुटी हुई है। जांच के बाद ही मौत का कारण क्लीयर हो पाएगा।

### रेलवे ट्रैक पर भी मिला शव, पहचान अब तक नहीं

रविवार की सुबह रेलवे ट्रैक एक युवक की लाश मिली। युवक का शव बुरी तरह क्षत-विक्षित हालत में रेलवे की मध्य लाइन पर पड़ा मिला। घटना अंडरब्रिज से कुछ दूरी पर हुई बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शुरुआती कार्रवाई करते हुए सुबह शव को उठाकर मरच्यूरी में भेजा गया। आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर शव का शिनाख्त नहीं हो पाई है। युवक की 25 से 35 वर्ष के बीच बताई जा रही है। हरे रंग की चेक शर्ट पहन रखा था। संदेह जताया जा रहा है कि युवक ट्रेन की चपेट में आया होगा।

- दुर्ग कोतवाली पुलिस थाना क्षेत्र की घटना, लगा रहे थे हार-जीत का लगा था दांव
- नगदी रकम समेत चार मोबाइल फोन जब्त

# आईपीएल सट्टा का संचालन करने वाले तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

आईपीएल सट्टा का संचालन करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कंडरापारा के ऋषभ नगर स्थित मकान में आईपीएल क्रिकेट मैच (चेन्नई बनाम दिल्ली) में ऑनलाइन सट्टा संचालित हो रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर ऋषभ नगर निवासी विकास जैन, शिवपारा निवासी रौनक ताम्रकार, गवलीपारा निवासी प्रवीण ताम्रकर को पकड़ा। युवकों के पास से नगदी 9810 रुपए, चार मोबाइल उक्त सामानों की कुल कीमत 49 हजार 800 रुपए आंकी गई है।



पुलिस ने युवकों के खिलाफ धारा 4, 6, 7 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022, धारा 112(2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने अपील किया है कि आम नागरिक किसी भी प्रकार के अवैध सट्टा एवं जुआ गतिविधियों से दूर रहें। ऐसी गतिविधियों की सूचना पुलिस को दें।

# 11 स्पेशन ट्रेन : डेढ़ लाख यात्रियों को मिलेगी कन्फर्म सीट

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

**गर्मी की छुट्टियों और शादी के सीजन के कारण ट्रेनों में बढ़ते दबाव के कारण लिया गया निर्णय**

- वेटिंग व नो रूम की समस्या के चलते रेलवे ने लिया फैसला

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने समर स्पेशल ट्रेन शुरू की है। इस बार 11 समर स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं, जो करीब 87 फेरों में दौड़ेंगी। इन ट्रेनों का संचालन 2 अप्रैल से शुरू हो चुका है। जो 16 जुलाई 2026 तक अलग-अलग तारीखों पर चलेंगी।

ये ट्रेनें देश के 20 से ज्यादा प्रमुख स्टेशनों को जोड़ेंगी, जिससे मध्य भारत, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल और दक्षिण भारत के रूट पर यात्रा करने वाले यात्रियों को सीधा फायदा मिलेगा। इन ट्रेनों से करीब 1.5 लाख से अधिक यात्रियों को कन्फर्म सीट और राहत मिल सकेगी। ये स्पेशल ट्रेनें लंबी दूरी के व्यस्त रुट को कवर करेंगी। जो दुर्ग, हरिद्वर, इतवारी, शालीमार, एलटीटी, संतरागाछी, हटिया, एलटीटी, तिरुपति-रक्सौल, पटना-चर्लपल्ली, गोंदिया, रक्सौल, एलटीटी, हावड़ा, इतवारी मालदा टाउन और पुणे, संतरागाछी शामिल हैं। इन मार्गों पर हर साल गर्मियों में भारी भीड़ रहती है, ऐसे में यह सुविधा यात्रियों के लिए काफी राहत देने वाली है। छत्तीसगढ़ में ये एक्सप्रेस ट्रेनें रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, राय़गढ़ समेत सभी प्रमुख स्टेशनों में रुकेंगी। गर्मी की छुट्टियों में ट्रेनों में कन्फर्म टिकट मिलना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में इन स्पेशल ट्रेनों से वेटिंग लिस्ट कम होगी। लंबी दूरी के यात्रियों को सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी।



## आयुष्मान कार्ड से 2900 बीमारियों में इलाज की सुविधा

# सुविधा के नाम पर वसूली, जिले के 7 निजी अस्पतालों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग जिले में आयुष्मान कार्ड योजना पर वसूली का खेल चल रहा है। मरीजों को मुफ्त इलाज देने वाली इस योजना में अब निजी अस्पतालों की मनमानी सामने आ रही है। विगत एक साल में करीब 7 निजी अस्पतालों पर कार्रवाई की गई।




दुर्ग जिले में आयुष्मान कार्ड को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही हैं। जिले में कुल 48 अस्पताल ऐसे हैं, जहाँ इस योजना के तहत मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध है। कई निजी अस्पताल आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद मरीजों से नगद राशि वसूल रहे हैं। मरीजों का आरोप है कि या तो उन्हें भर्ती करने से मना कर दिया जाता है, या फिर इलाज के नाम पर अतिरिक्त पैसे लिए जाते हैं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने बीते एक साल में करीब 7 निजी अस्पतालों पर कार्रवाई की है। इसके बावजूद स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं दिख रहा है। स्वास्थ्य विभाग की निगरानी के बावजूद कुछ अस्पताल नियमों को दरकिनार कर रहे हैं, जिससे गरीब और जरूरतमंद मरीजों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। विभागीय जानकारी के अनुसार आयुष्मान कार्ड से कुल 2900 बीमारियों का इलाज किया जाता है। इसमें से 160 बीमारियों का इलाज सिर्फ सरकारी अस्पतालों के लिए रिर्जव है। वहीं 2740 बीमारियों का इलाज निजी अस्पतालों में होता है।

### इन अस्पतालों पर की गई कार्रवाई

शासन द्वारा आईएमआई अस्पताल खुर्सीपार भिलाई, ओम हॉस्पिटल मालवीय नगर दुर्ग, गंगोत्री अस्पताल दुर्ग, महादेव नर्सिंग होम फुंडा पाटन, साईं कृपा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल तीन दर्शन मंदिर के पास भिलाई, सुराज हॉस्पिटल नेहरू नगर भिलाई और नवजीवन अस्पताल धमधा रोड चिखली पर कार्रवाई करते हुए आयुष्मान पर इलाज पर रोक लगा दी गई थी। बाद में सुराज हॉस्पिटल और नवजीवन हॉस्पिटल पर फिर से इलाज की स्वीकृति दी गई।

### इन अस्पतालों में आयुष्मान से हो रहा इलाज

जिले के अपेक्स आई हॉस्पिटल स्टेशन रोड दुर्ग, अपेक्स सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल कुम्हारी, अभिषेक मिश्रा मेमोरियल मेडिकल कॉलेज जुनवानी, आरोग्य क्लीनिक एंड हॉस्पिटल सिंधिया नगर दुर्ग, आरोग्यम हॉस्पिटल बायपास रोड दुर्ग, कलर्स चिल्ड्रन हॉस्पिटल न्यू आदर्श नगर दुर्ग, चन्दूलाल चन्द्राकर हॉस्पिटल नेहरू नगर भिलाई, भिलाई नर्सिंग होग रामनगर, स्पर्श अस्पताल रामनगर भिलाई, हाईटेक हॉस्पिटल सूर्यामॉल के पास भिलाई सहित 48 निजी अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड से इलाज किया जा रहा है। वहीं 5 अस्पतालों पर रोक लगाई गई है।

### ट्रेन के एसी कोच अटेंडेंट के पास मिली विदेशी शराब



**भिलाई।** ट्रेन के एसी कोच में विदेशी शराब रखने वाले कोट अटेंडडेंट को आरपीएफ ने गिरफ्तार किया है। रेलवे पुलिस ने दुर्ग ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर निजामुद्दीन-दुर्ग हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन 22868 के कोच अटेंडेंट में दबिश दिया। जहां इ-7 में कार्यरत एसी कोच अटेंडेंट रीमन दास का तलाशी ली गई। जहां से बैग से कुल 12.236 लीटर विदेशी मदिरा बैग के भीतर छिपाया पाया गया। आरपीएफ ने करीब 4 हजार 140 रुपए का शराब जब्त की गई।



# भाजपा : घर चलो अभियान में कार्यकर्ता सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग



भाजपा के स्थापना दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत चंडी शीतला मंडल के वार्ड 3 एवं 4, गया नगर क्षेत्र में घर चलो बस्ती चलो अभियान आयोजित हुआ। महापौर अलका बाघमार की प्रमुख उपस्थिति व मंडल अध्यक्ष कमलेश फेकर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार एवं राज्य की विष्णु देव साय सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान महापौर के वार्ड आगमन पर पार्षद नरेंद्र बंजारे एवं लीना दिनेश देवांगन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने आरती उतारकर व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया तथा हितग्राहियों से संवाद किया गया। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार व मंडल अध्यक्ष कमलेश फेकर सहित मंडल पदाधिकारियों द्वारा पूर्व प्रदेश मंत्री व पूर्व पार्षद दीपक देवांगन, वरिष्ठ कार्यकर्ता लता शर्मा, पं. वीरेंद्र शुक्ला एवं हेमिन बाई यादव को सम्मानित किया गया। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि गया नगर भाजपा की विचारधारा का मजबूत गढ़ है। यहां की जनता व जनप्रतिनिधि दोनों बेहद जागरूक हैं। उन्होंने बताया कि सेवा ही संगठन के तहत वार्ड 3 नरेंद्र बंजारेवार्ड 4 श्रीमती लीना देवांगन एवं वार्ड 56 श्रीमती कुमारी बाई साहू में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस अवसर पर भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ सहसंयोजक दिनेश देवांगन, एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, पार्षद लीना देवांगन, जिला कार्यसमिति सदस्य कालिंद्री साहू व विद्या नामदेव, नवीन साहू मौजूद थे।

■ दे रहे राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी

# कांग्रेस : हर बूथ में कार्यकर्ता की होगी नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग




शहर जिला कांग्रेस दुर्ग संगठन सृजन के तहत सभी ब्लॉक पदाधिकारियों की संगठन प्रभारी सीमा वर्मा ने बैठक ली। एक ही दिन में प्रभारी सीमा वर्मा के साथ मध्य ब्लॉक अध्यक्ष अलताफ अहमद, उत्तर ब्लाक अध्यक्ष देवश्री साहू , पूर्वी ब्लॉक अध्यक्ष मनीष बघेल, दक्षिण ब्लाक अध्यक्ष गुरदीप भाटिया, पश्चिम ब्लाक अध्यक्ष आनंद कपूर ताम्रकार सभी ब्लाक अध्यक्षों नेअपने अपने ब्लाकों में नवनियुक्त कार्यकारिणी के साथ बैठक ली।

प्रभारी सीमा वर्मा ने सभी ब्लाक अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं को ब्लॉक की टीम, मंडल में वार्ड में और ब्लॉक के हर बूथ में कार्यकर्ताओं की नियुक्ति का आम जनता से सीधे संवाद रखने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि बीजेपी की वादा खिलाफी और जनविरोधी नीतियों से जनता का कांग्रेस के प्रति विश्वास बड़ा है, जिसे हमे शतप्रतिशत पूरा करना है।

जिला अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि जिला कांग्रेस के बाद सभी ब्लाकों में कार्यकारिणी की, मंडल अध्यक्षों, वार्ड अध्यक्षों की नियुक्ति हो गई है जल्दी हर बूथ में भी नई बूथ कमेटी का गठन कर आम जनता से सीधा संवाद कर कांग्रेस की रीति नीति को जन जन तक पहुंचाएंगे। बैठक में पूर्व विधायक अरुण वोरा, प्रदेश महामंत्री दीपक दुबे, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, प्रेमलता साहू सहित अन्य मौजूद थे।

■ संगठन प्रभारी ने ली ब्लॉक पदाधिकारियों की बैठक

## खबर संक्षेप

### न्यूनतम समर्थन मूल्य पर होगी दलहन की खरीदी, 20 तक पंजीयन

दुर्ग। जिले में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान योजना के अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर दलहन एवं तिलहन फसलों की खरीदी शुरू कर दी गई है। योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन के कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा दलहन एवं तिलहन उत्पादक किसानों के हित में दो महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये है। शासन ने पंजीयन की सीमा 20 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। खरीफ वर्ष 2025-26 की फसलों अरहर, उड़द, मूंग, सोयाबीन, मूंगफल्ली एवं रबी वर्ष 2025-26 की फसलों चना, मसूर एवं सरसों के लिए किसान 20 अप्रैल तक समितियों के माध्यम से अपना पंजीयन करवा सकेंगे। इसके लिए इन फसलों की बुवाई करने वाले कृषक अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के माध्यम से सेवा सहकारी समितियों में आवेदन पत्र के साथ ऋण पुस्तिका, बी-1, पी-2, आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति जमा कर एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन करा सकते हैं। कृषि विभाग द्वारा सभी किसानों से अपील की जाती है कि वे अंतिम तिथि की प्रतिक्षा किये बिना जल्द से जल्द अपने सेवा सहकारी समिति केन्द्रों पर जाकर पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण कराएं।

### डॉ. अंबेडकर जयंती पर शुष्क दिवस घोषित करने की मांग

दुर्ग। बहुजन समाज पार्टी के नेता सचिन गवई ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर 14 अप्रैल डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर शुष्क दिवस घोषित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल को विश्व की सबसे बड़ी जयंती विश्वरतन बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह का आयोजन देश विदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है तथा इस दिन राष्ट्रीय अवकाश भी घोषित होता है। उन्होंने कहा कि अन्य त्योहारों की तरह इस अवसर पर भी जिले में शुष्क दिवस घोषित कर मांस मदिरा व शराब दुकान बंद किया जाना चाहिए।

### विभिन्न विकास कार्यों के लिए 61 लाख स्वीकृत

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए भिलाई नगर विधानसभा अंतर्गत जनहित के विभिन्न कार्यों के लिए 61 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित इन कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त, नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा किया जाएगा।

## दुर्ग जिले में जनगणना की 1 मई से होगी शुरुआत, घर-घर पहुंचेंगे प्रगणक

# मकान कच्चा या पक्का, घर में इंटरनेट कनेक्शन है या नहीं, सिलेंडर कितने हैं... पूछेंगे जनगणना अधिकारी

## ऑनलाइन पोर्टल में दर्ज की जा सकती है जानकारी, बताना होगा प्रगणक को

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

भारत सरकार द्वारा आयोजित जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का काम किया जाएगा। 1 से 30 मई तक यानी 30 दिनों तक जनगणना अधिकारी घर-घर पहुंचेंगे। यह चरण जनगणना प्रक्रिया का अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिसके माध्यम से प्रत्येक आवासीय एवं गैर-आवासीय भवन, मकान की स्थिति, उपयोग एवं उपलब्ध सुविधाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी एकत्रित की जाएगी। डिजिटल इंडिया के अंतर्गत इस बार आम जनता की सुविधा के लिए स्व-गणना का विकल्प भी उपलब्ध कराया गया है।

लोग 16 से 30 अप्रैल तक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपने परिवार एवं मकान से संबंधित जानकारी दर्ज कर सकते हैं। स्व-गणना करने वाले परिवारों को एक स्व-गणना आईडी प्रदान की जाएगी, जिसे सुरक्षित रखना आवश्यक होगा तथा प्रगणक के आने पर प्रगणकों को देना होगा। आपके द्वारा भरी जानकारी की पुष्टि के बाद प्रगणक उसे समिट कर देगा। प्रगणक की जिम्मेदारी होगी कि वह प्रत्येक मकान की संख्या, स्थिति एवं प्रकार, मकान का उपयोग, आवासीय, व्यावसायिक निर्माण की प्रकृति कच्चा, पक्का, अर्ध पक्का, परिवारों की संख्या एवं उनके आवासीय विवरण, उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं की भी जानकारी देनी अपलोड करेगा।



### अधिकारियों और प्रगणकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

जनगणना के काम लगे अधिकारियों और प्रगणकों को नियमित रूप से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। निकाय और जनपद स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मास्टर ट्रेनर द्वारा जनगणना से जुड़ी जानकारी दी जा रही है। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान बतायी जा रही जानकारी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। हर पहलु को गंभीरता से लिया जा रहा है, ताकि गणना के दौरान किसी प्रकार की चुक न हो। कोई भी गणना से वंचित न होने पाए। अधिकारी-कर्मचारियों का यह प्रशिक्षण 50-50 के बैच में दिया जा रहा है। 22 अप्रैल तक प्रशिक्षण दिया जाना है। अलग-अलग अनुभाग और तहसील में अधिकारियों की टीम मास्टर ट्रेनर की मौजूदगी में प्रशिक्षण दे रही है।

### हर प्रगणक अपनी आईडी और पहचान पत्र के साथ पहुंचेगा हर घर

प्रगणक अपनी आईडी और पहचान पत्र के साथ हर घर पहुंचेगा। वह पेयजल की उपलब्धता, शौचालय की सुविधा, विद्युत कनेक्शन, रसोई गैस, ईंधन का प्रकार, इंटरनेट, संचार सुविधाएं यह जानकारी देश की सामाजिक-आर्थिक योजनाओं, शहरी एवं ग्रामीण विकास, आवास योजनाओं, जल एवं स्वच्छता कार्यक्रमों तथा बुनियादी ढांचे के विकास हेतु अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। प्रगणक निर्धारित अवधि के दौरान प्रत्येक घर पर जाकर जानकारी एकत्रित करेंगे। प्रगणक अधिकृत पहचान पत्र के साथ जाएंगे, जिसकी पुष्टि नागरिकों द्वारा की जा सकती है। नागरिकों से अनुरोध है कि वे प्रगणको को सही एवं पूर्ण जानकारी प्रदान करें। स्व-गणना कर चुके परिवारों को अपनी आईडी के बारे में प्रगणक को जानकारी देनी होगी।

### जनगणना के दौरान दी गई जानकारी रखी जाएगी गोपनीय

अधिकारियों ने बताया कि जनगणना के दौरान दी गई जानकारी पूरी तरह से गोपनीय रखी जाएगी। इस जानकारी का उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों एवं नीतिगत निर्णयों के लिए किया जाएगा। किसी भी व्यक्ति विशेष की जानकारी को सार्वजनिक नहीं किया जाएगा। जनगणना कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। निर्धारित समयावधि में स्व-गणना का लाभ उठाएं। केवल अधिकृत गणनाकर्मियों को ही जानकारी प्रदान करें। सटीक एवं सत्य जानकारी देना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जाएंगे। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण किया जाएगा। शिकायत निवारण हेतु हेल्पलाइन, ऑनलाइन प्रणाली उपलब्ध होगी।

# 30 अप्रैल तक संपत्तिकर नहीं पटाया तो देना होगा 17 प्रतिशत अधिभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग



शासन के निर्देश पर वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए संपत्तिकर सहित अन्य सभी प्रकार के कर पटाने के लिए दुर्ग निगम ने हितग्राहियों को 30 अप्रैल तक मौका दिया है। इस दौरान किसी भी प्रकार का अतिरिक्त चार्ज नहीं वसूला जाएगा। इसके बाद 1 मई से 17 प्रतिशत अधिभार वसूलने की तैयारी है। जानकारी के मुताबिक लक्ष्य का 80 प्रतिशत तक टैक्स वसूला जा चुका है। वर्तमान में लगातार अभियान भी चलाया जा रहा है।

■ टैक्स नहीं देने पर काटे जाएंगे नल कनेक्शन

साथ ही तीन साल से अधिक पुराने बकाएदारों द्वारा टैक्स नहीं जमा करने पर नल कनेक्शन काटने से लेकर अन्य कार्रवाई की तैयारी की गई है। निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल नियमित रूप से टैक्स वसूली की समीक्षा भी कर रहे हैं। शासन के निर्देश पर टैक्स जमा करने की तारीख 30 अप्रैल की गई है। यह निर्णय नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि अधिक से अधिक करदाता समय पर कर जमा कर शासकीय छूट का लाभ प्राप्त कर सकें। अप्रैल माह के अंत तक संपत्तिकर जमा करने वाले करदाताओं से किसी भी प्रकार की पेनल्टी नहीं ली जाएगी। वहीं 1 मई के बाद पिछले वर्ष का संपत्तिकर जमा करने पर 17 प्रतिशत तक सरचार्ज वसूला जाएगा। राजस्व विभाग को निर्देशित किया गया है कि आगामी दिनों में घर-घर जाकर बकायादारों से वसूली की जाए तथा नागरिकों को ऑनलाइन टैक्स भुगतान के लिए भी प्रेरित किया जाए। आयुक्त ने अमले को निर्देश दिए गए हैं कि वसूली के दौरान टीम अपनी गतिविधियों की फोटो व्हाट्सएप पर अपडेट करें, ताकि कार्य की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा सके।

# दंतेश्वरी मंदिर के पास होगा कांक्रीट सड़क का निर्माण



हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

नगर पालिका निगम भिलाई-चरोदा वार्ड 31 में दंतेश्वरी मंदिर के पास सीसी रोड निर्माण और सी केबिन दुर्गा मंदिर में शेड निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। सीसी रोड व शेड निर्माण का काम लंबे समय से वार्ड के लोगों की मांग थी। जिसे अभी पूका किया गया है। भूमिपूजन पर मुख्य अतिथि महापौर निर्मल कोसरे थे। इसके अलावा पार्षद भारती राम सूर्यवंशी, दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस कमेटी महामंत्री राम सूर्यवंशी मौजूद थे। इसके अलावा कार्यक्रम में रवि देवांगन,सनत कटकवर, मनोज ठाकुर, पप्पू महाराज, हेमंत वर्मा, राजू पुरी, अजय श्रीवास्तव, शिव यादव मौजूद थे।

### बाल विवाह रोकने प्रशासन मुस्तैद, 1098 पर करें शिकायत

दुर्ग। बाल विवाह रोकने अभियान शुरू किया गया है। इस प्रकार की किसी भी घटना को रोकने के लिए टोल फ्री नंबर 1098 जारी किया गया है। इसके माध्यम से बाल विवाह से जुड़ी शिकायत की जा सकती है। जनपद पंचायतों में पंचायत सचिवों को जानकारी दी गई। उन्हें नियमों से अवगत कराया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार जाम्बुलकर और परियोजना समन्वयक चन्द्रप्रकाश पटेल ने सचिवों को बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत के सचिव को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी घोषित किया गया है। सचिवों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि कहीं भी बाल विवाह न हो और यदि किसी सूचना के माध्यम से बाल विवाह की जानकारी प्राप्त होती है, तो उसे तत्काल रोका जाए एवं विधिवत कार्रवाई की जाए।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम क्रांतिकारी कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग




राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा रविवार को जिले के प्रवास पर रहीं। उन्होंने सर्किट हाउस में संगठन के पदाधिकारियों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा की। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 भारत के लोकतंत्र में एक क्रांतिकारी कदम है। इस क्रांतिकारी कदम को उठाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त कर राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि बहुत-से दल इससे पहले भी यह विधेयक लेकर आए।

■ पार्टी के पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर की चर्चा

कभी किसी ने एक सदन में पारित किया तो दूसरे सदन में उसको रखने की हिम्मत नहीं जुटा पाए। लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि महिलाओं को केवल वोट बैंक के तौर पर तमाम राजनीतिक दलों ने देखा, लेकिन उनका अधिकार किसी ने नहीं दिया। देश की आधी आबादी को उनका अधिकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया है एवं सबके विकास में महिलाओं को भी जोड़ा।

लोकतंत्र में महिलाओं को विधानसभा और लोकसभा में 33 प्रतिशत का आरक्षण दिया जाएगा। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर प्रधानमंत्री ने नारीत्व का जो सम्मान किया है, उसके लिए देश की सभी बहनें प्रधानमंत्री मोदी को बहुत साधुवाद देती हैं कि उन्होंने इतनी ताकत के साथ भारत की संसद में इस अधिनियम को रखा है। जब इस अधिनियम को संसद के पटल पर रखा गया तब परिस्थितियां सकारात्मक नहीं थीं।

प्रधानमंत्री ने 2029 में यह बिल लागू हो, उस दिशा में कार्य किया और अभी उस पर संशोधन आ रहा है। आने वाले समय में विधानसभा और लोकसभा में संशोधन के साथ यह बिल पारित होगा 33 प्रतिशत आरक्षण के साथ। उन्होंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री ने की, जिसका सकारात्मक परिणाम आया है। आज महिलाएं नीति-निर्धारक भी हैं, केवल नीति के लाभार्थी नहीं हैं। महिलाएं अब नीति बनाएंगी। जब महिलाएं सदन में बड़ी संख्या में बैठेंगी तो सकारात्मक परिणाम आएगा, जो भारत की राजनीति को परिवर्तित करेगा। इस अवसर पर दुर्ग महापौर अलका बाघमार, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री कुमुद बघेल, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष तृप्ति चंद्राकर, जिला महामंत्री डॉ. भारती साहू, गायत्री परिवार प्रमुख विनीता तिवारी उपस्थित रहे।

## केंद्रीय सुरक्षा बल (सामान्य प्रशासन) में संशोधन पर सेवानिवृत्त कमांडेंट की प्रतिक्रिया

# सीएपीएफ-2026 संघ व लोकतंत्र के लिए खतरा : बन्जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई



अप्रैल 2026 की शुरुआत में शांति के साथ लेकिन अत्यंत दूरगामी असर वाला बदलाव किया गया है। संसद ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) अधिनियम, 2026 पारित कर दिया, जिसे अब मंजूरी के बाद अधिनियम के रूप में अधिसूचित भी कर दिया गया है। इसे लेकर यूपीएससी सीपीएफ 2004 बैच के आईटीबीपी से रिटायर्ड कमांडेंट तरुण कुमार बन्जारी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सरकार इसे सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, सीआईएसएफ और एसएसबी जैसे बलों के प्रशासन को व्यवस्थित और प्रभावी बनाने वाली तकनीकी सुधार की कवायद बताती है, लेकिन वास्तविकता इससे कहीं अधिक चिंताजनक है।

यह नया कानून इन बलों के शीर्ष नेतृत्व को सीधा गृह मंत्रालय के नियंत्रण में लाकर भारतीय पुलिस सेवा के हाथों में केंद्रित कर देता है। अधिनियम के प्रावधानों के तहत, महानिदेशक, अतिरिक्त, विशेष महानिदेशक और निरीक्षक जनरल जैसे अधिकांश उच्च पदों पर भारी संख्या में आईपीएस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति को विधिक रूप से सुनिश्चित किया गया है। कई स्तरों पर इन पदों को वस्तुतः उनके लिए आरक्षित कर दिया गया है। यह व्यवस्था मई 2025 के उस ऐतिहासिक सुप्रीम कोर्ट के फैसले की खुली अवमानना है, जिसमें सीएपीएफ के ग्रुप ए अधिकारियों को ऑर्गनाइज़्ड ग्रुप ए सर्विसेज का दर्जा देते हुए सरकार को आदेश दिया गया था कि वह दो वर्ष के भीतर आईजी रैंक तक आईपीएस प्रतिनियुक्ति को क्रमिक रूप से घटाए और कैडर अधिकारियों को नेतृत्व के न्यायसंगत अवसर दें।

### आंतरिक सुरक्षा का संतुलन बिगड़ने की संभावना

तरुण कुमार बन्जारी ने कहा कि हमारी आंतरिक सुरक्षा संरचना अब तक एक संवेदनशील संतुलन पर टिकी रही है। एक ओर सेना है, जो पूर्णतः केंद्र सरकार के अधीन है और जिसका उपयोग नागरिक अधिकारों की रक्षा को ध्यान में रखते हुए केवल अत्यंत गंभीर और असाधारण स्थितियों में किया जाता है। दूसरी ओर राज्य पुलिस है, जो सीधे-सीधे चुनी हुई राज्य सरकारों के प्रति जवाबदेह होती है और स्थानीय कानून-व्यवस्था की प्राथमिक जिम्मेदारी उठाती है। इन्हीं दोनों के बीच सीएपीएफ ने अब तक एक अत्यंत महत्वपूर्ण पुल की भूमिका निभाई है। ये बल प्रशासनिक रूप से केंद्र को जवाबदेह होते हुए भी, राज्यों के अनुरोध पर दंगा नियंत्रण, उग्र आंदोलन, नक्सल विरोधी अभियानों, सीमावर्ती घुसपैठ रोकने और निष्पक्ष चुनाव कराने जैसे कार्यों में सहयोग देते रहे हैं।

### न्यायपालिका को दरकिनार करने की प्रवृत्ति

तरुण कुमार बन्जारी ने कहा कि जो अधिकारी इस व्यवस्था के भीतर काम कर चुके हैं, या जो सीएपीएफ की संरचना को गहराई से समझते हैं, वे इसे किसी सुधार के बजाय बलों पर अवैध क़ब्ज़ा करने की कोशिश मान रहे हैं। चिंता की बात केवल यह नहीं कि शीर्ष पदों पर कैडर अधिकारियों के लिए दरवाजे लगभग बंद किए जा रहे हैं, बल्कि यह भी है कि अधिनियम में केंद्र सरकार को ऐसे व्यापक नियम बनाने का अधिकार दिया गया है, जिनके माध्यम से वह न्यायालयों के निर्देशों के प्रभाव को नगण्य कर सके। सुप्रीम कोर्ट के 2025 के निर्णय ने स्पष्ट रूप से कहा था कि आईपीएस प्रतिनियुक्ति को घटाया जाए और कैडर के अधिकारों का संरक्षण किया जाए, पर नए कानूनी ढांचे के जरिए उसी दिशा-निर्देश का व्यावहारिक निष्प्रभावीकरण किया जा रहा है।

### राज्यों से परामर्श लिया जाना आवश्यक

तरुण कुमार बन्जारी ने कहा कि राज्यों से परामर्श अनिवार्य है। किसी भी राज्य में बड़ी संख्या में सीएपीएफ तैनात करने या बलों के नेतृत्व में ऐसे बदलाव करने से पहले संबंधित राज्य सरकार से औपचारिक परामर्श और सहमति का प्रावधान कानून में अनिवार्य किया जाना चाहिए। इससे न केवल संघीय संतुलन मजबूत होगा, बल्कि राज्यों का विश्वास भी बना रहेगा कि केंद्रीय बल उनके खिलाफ राजनीतिक औजार के रूप में इस्तेमाल नहीं होंगे। सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, सीआईएसएफ और एसएसबी-प्रत्येक की अपनी विशिष्ट भूमिका, संस्कृति और संचालन-शैली है।



दुर्ग शहर में सुप्रसिद्ध
श्रीमति वैदेही शर्मा
माँ कामख्या उपासक
फीस 251/-
श्रीमती वैदेही शर्मा माँ कामाख्या की असीम कृपा साधना द्वारा समस्या हेतु जन्म कुंडली देखकर महा दशाओं के आधार पर आर्थिक, मानसिक, शारीरिक, पारिवारिक, नौकरी एवं व्यापार संबंधित काल सर्प दोष, मांगलिक दोष, पिचाष दोष, गृहण दोष, गृहकलेश, पति- पत्नी विवाद, विवाह में बाधा, सतान सुख में कमी, गुप्त शत्रु बाधा, आकर्षण उच्चाटन मारण, मास्तिक दमन, भक्तगण इन बाधाओं से पीड़ित व्यक्ति बागुला मुखी साधना द्वारा समाधान।
माँ कामख्या ज्योतिष कार्यालय मो. 9343907851
पता: धमधा रोड, मिलन पैलेस के बाजु में, दुर्ग
समय: सुबह: 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक
शाम: 04 बजे से 07 बजे तक

## खबर संक्षेप



### ग्रिल लगाने से रुकेंगे हादसे

**पाटन।** गौरव पथ स्थित सड़क डिवाइडर में सुरक्षा हेतु मजबूत ग्रिल का निर्माण कराया गया है। इस संबंध में पार्षद एवं सभापति श्रीमती नेहा बाबा वर्मा ने बताया कि नगर क्षेत्र में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए एवं वार्डवासियों की मांग को प्राथमिकता प्रदान करते हुए, सिन्हा सायकल स्टोर्स के समीप यह निर्माण करवाया गया। उन्होंने कहा कि ग्रिल लगने से अनियंत्रित रूप से सड़क पार करने की घटनाओं पर नियंत्रण होगा, जिससे दुर्घटनाओं में कमी आएगी और आम नागरिकों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। साथ ही उन्होंने आश्वस्त किया कि नगरवासियों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए इस प्रकार के कार्य आगे भी निरंतर किए जाते रहेंगे।

### अछोटी की प्राशा में न्योता भोज का आयोजन



**अण्डा।** ग्राम अछोटी की प्राथमिक शाला परिसर में न्योता भोज का आयोजन किया गया। यह आयोजन सरपंच झन्ना दिल्लीवार द्वारा अपनी पुत्री के विवाह एवं सरपंच पद के एक वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किया गया। कार्यक्रम में गांव के जनप्रतिनिधि, शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्कूली बच्चे एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर सरपंच झन्ना दिल्लीवार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। न्योता भोज में उपसरपंच घनश्याम दिल्लीवार, पूर्व जनपद सदस्य छगन दिल्लीवार,रोमनाथ दिल्लीवार, प्रधान पाठक राधेश्याम चंद्राकर एवं प्रेमलाल साहू सहित ममता देशमुख, किशोर देशमुख, जीवन सिन्हा, रीना चंदेल, विद्या निषाद, सरोज खुटयारे उपस्थित रहे। इसके अलावा सचिव युवराज साहू, ज्योति दिल्लीवार, सुमन दिल्लीवार, भावना दिल्लीवार, मिथलेश दिल्लीवार, दयालु राम देशमुख, पायल दिल्लीवार, डाली दिल्लीवार आदि मौजूद थे।

### प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर उठाए सवाल, की जमकर नारेबाजी

# जघन्य घटना के विरोध में कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन, गृहमंत्री का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶। उतई

उतई थाना क्षेत्र अंतर्गत पाँच वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुई जघन्य एवं शर्मनाक घटना को लेकर कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति का आरोप लगाते हुए विरोध में कांग्रेस ने रविवार को जमकर आंदोलन किया। उतई के मिनी माता चौक में जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) के तत्वावधान में व्यापक विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया।

जिला कांग्रेस कमेटी, दुर्ग (ग्रामीण) के राकेश ठाकुर की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में कांग्रेसजनों एवं आम नागरिकों ने सैकड़ों की संख्या में शामिल होकर प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार आक्रोश व्यक्त किया। कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित जनसमूह ने "न्याय दो, न्याय दो"और "बेटी के दोषियों को फांसी दो" जैसे नारों के साथ पूरे क्षेत्र को गूंजायमान कर दिया।

प्रदर्शन के दौरान गृहमंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन किया गया। प्रशासन द्वारा संभावित स्थिति को देखते हुए पहले से ही भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था, साथ ही सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे, बावजूद इसके कांग्रेसजन अपने विरोध प्रदर्शन में सफल रहे और पुतला दहन कर सरकार की नीतियों के प्रति अपना तीखा विरोध दर्ज कराया।

**पीड़ित को न्याय दिलाने उतरे सड़क पर**



इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि उतई सहित पूरे क्षेत्र में अवैध शराब की खुलेआम बिक्री हो रही है, जिसके चलते आपराधिक गतिविधियों में लगातार वृद्धि हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन की लापरवाही और निष्क्रियता के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। नेताओं ने मांग की कि अवैध शराब के कारोबार पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए तथा इसमें संलिप्त लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।

नेताओं ने यह भी कहा कि मासूम बच्ची के साथ हुई यह घटना केवल एक परिवार की नहीं, बल्कि पूरे समाज को झकझोर देने वाली है। ऐसी घटनाएं प्रदेश की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव न्याय दिलाने के लिए निरंतर संघर्ष करेगी।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही दोषियों की गिरफ्तारी कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा नहीं दी गई और क्षेत्र में कानून व्यवस्था को दुरुस्त नहीं किया गया, तो कांग्रेस पार्टी आने वाले दिनों में और उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता, महिला कांग्रेस की सदस्याएं, युवा कांग्रेस के साथी एवं आम नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करते हुए पीड़िता को शीघ्र न्याय दिलाने की मांग की।

इस दौरान जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर, करीम खान, नेता प्रतिपक्ष नगर पंचायत उतई द्वारिका साहू कमलेश साहू, उमेश साहू, प्रहलाद वर्मा, पूर्व अध्यक्ष डिकेंद्र हिरवानी, जनपद उपाध्यक्ष, राकेश हिरवानी, उमेश बंजारे, भावेश साहू, धनंजय, मुकेश साहू, टीकम धोंडे, अरुण वर्मा, दिवाकर गायकवाड, अभिषेक जांगड़े, सुमित घोष, प्रीतम देशमुख, गौरव साहू, तिलेश्वर साहू, प्रेम नारायण साहू, घनश्याम गजपाल, पिलेश्वर साहू, सुरता सिंगर, गजेंद्र, शैलेंद्र, धर्मेंद्र बंजारे, सत्य प्रकाश कौशिक, कैलाश देवांगन, अजय वर्मा तिलक साहू पीलेश्वर साहू और शुभम बंभोले सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## लोगों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने नगर पंचायत सक्रिय




हरिभूमि न्यूज ▶▶। पाटन

भीषण गर्मी के बीच नगरवासियों को स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पाटन नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश 'निक्की' भाले एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमंत कुमार वर्मा जल आपूर्ति व्यवस्था का जायजा लेने निकले। उन्होंने नगर के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर पानी की गुणवत्ता और आपूर्ति की स्थिति का निरीक्षण किया तथा आम जनता से रूबरू होकर उनकी समस्याएं भी सुनीं।

■ वार्डवासियों से जाना पानी की राय

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विशेष रूप से यह जांच की कि कहीं पानी में किसी प्रकार के कीटाणु तो नहीं हैं और नल के माध्यम से गंदा पानी तो नहीं आ रहा है। उन्होंने जल स्त्रोतों और सप्लाई व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण करते हुए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान पाया गया कि नगर में जल आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और अधिकांश वार्डों में किसी प्रकार की शिकायत सामने नहीं आई। अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने कहा कि भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत द्वारा नियमित रूप से पर्याप्त मात्रा में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने स्पष्ट किया कि जल व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और लगातार निगरानी की जा रही है।

उन्होंने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है, तो वे सीधे उनसे संपर्क कर जानकारी दें। साथ ही नागरिकों से यह भी आग्रह किया कि वे अपने सुझाव भी साझा करें, ताकि व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया जा सके। इस निरीक्षण के दौरान सभापति केवल देवांगन, जितेंद्र निर्मलकर, देवेंद्र ठाकुर, पार्षद चंद्रप्रकाश 'बिज्जू' देवांगन सहित जलकार्य विभाग के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

## भाजपा के स्थापना दिवस पर अलग-अलग गांवों के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। उतई

भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस पखवाड़ा के द्वितीय चरण में गांव चलो घर चलो बस्ती चलो अभियान के तहत भाजपा उतई मंडल विभिन्न गांव में पहुंचा। कार्यकर्ताओं ने ग्राम मचादूर, खोपली, घुघसीडीह, चिरपोटी, करगाडीह एवं उतई में घर-घर जाकर केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थी से मिलकर संवाद किया । वहीं अलग अलग गांवों के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से मिलकर उनका सम्मान किया। जिसमें मंडल अध्यक्ष उतई शीतला ठाकुर, महामंत्री प्रवीण यदु, चंदू देवांगन, वृत्ताकार सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा,



भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष एवं उतई मंडल प्रभारी श्वेता यादव, करण सेन, फलेंद्र राजपूत, पार्षद सतीश चंद्राकर, लक्ष्मीनारायण साहू, विमला कामड़े, एकता चंद्राकर, मोतिम ठाकुर, दनेश्वरी देशमुख, शुभम वर्मा, पूजा चंद्राकर, लोकेश्वर चंद्राकर, ओमन लाल साहू, अशोक देवांगन, बसंत सोनवानी, घनश्याम साहू, राजूलाल साहू, घनश्याम चंद्राकर, देवेंद्र भारती, धनराज गजपाल, लेखराम साहू, हितेश साहू, सोमन साहू, लेखराम साहू, मंजू वर्मा और राकेश देवगण सहित कार्यकर्ता अधिक संख्या में उपस्थित रहे।



## एचपीवी टीकाकरण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुम्हारी

किशोरियों को ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) संक्रमण से बचाव के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुम्हारी में टीकाकरण का शुभारंभ किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग डॉ मनोज दानी के मार्गदर्शन,खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ रचना अग्रवाल के निर्देशन और प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ अविनाश पाठक की देखरेख में यह मुहिम शुरू की गई। इस अवसर पर नगर पालिक परिषद की अध्यक्ष मीना वर्मा एवं जीवन दीप समिति अध्यक्ष विनोद साहू की उपस्थिति में हितग्राहियों का एच पी वी का टीकाकरण किया गया। स्वास्थ्य अधिकारियों तथा कर्मचारियों में बीईटीओ एस आर रंगारी, पर्यवेक्षक अरुण कुमार वर्मा एवं नर्सिंग स्टाफ तथा सीएचसी कुम्हारी के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## अवैध रेत परिवहन के खिलाफ प्रशासन सख्त, मशीन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पाटन

पाटन क्षेत्र के ग्राम झीट खूड़मुड़ी में इन दिनों अवैध रेत परिवहन का मामला लगातार चर्चा में बना हुआ है। प्रशासन द्वारा इस पर सख्ती बरतते हुए कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। इसी कड़ी में तहसीलदार भूपेंद्र सिंह के निर्देश पर बीती रात एक बड़ी कार्रवाई की गई, जिसमें अवैध गतिविधियों में संलिप्त एक चेन माउंटेन मशीन को मौके पर ही पकड़ लिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम झीट खुड़मुड़ी में रेत निकालने के लिए रात के अंधेरे में रास्ता तैयार किया जा रहा था। इसी दौरान तहसीलदार की टीम को सूचना मिली, जिसके बाद तत्काल मौके पर पहुंचकर छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान चेन माउंटेन मशीन को जब्त कर लिया गया, जबकि मौके पर मौजूद कुछ लोग अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध रेत उत्खनन और परिवहन का कार्य चल रहा है, जिससे शासन को राजस्व की



हानि हो रही है और पर्यावरण पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है। प्रशासन द्वारा समय-समय पर कार्रवाई की जाती है, लेकिन इसके बावजूद रेत माफिया सक्रिय बने हुए हैं।

तहसीलदार भूपेंद्र सिंह ने बताया कि अवैध कार्यों में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही है और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।




### जनभागीदारी व वित्त प्रबंध समिति की हुई बैठक

## उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन पर खिलाड़ी होंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। उतई

शासकीय दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, उतई में आगामी सत्र की कार्ययोजना और छात्र सुविधाओं को लेकर जनभागीदारी समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कॉलेज के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाने के लिए कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक के प्रारंभ में नव पदस्थ प्राचार्य डॉ. डी. पी. कुर्रे एवं जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सरस्वती साहू ने तथा समस्त सदस्यों का महाविद्यालय परिवार ने स्वागत




किया। महत्वपूर्ण निर्णयों में कम्प्यूटर विज्ञान विभाग तथा हिन्दी शोध केन्द्र हेतु कक्षों का निर्माण, 'बी' ब्लॉक के कमरों का मरम्मत, रंगरोगन, प्रांगण का समतलीकरण, जल निकासी व्यवस्था, उद्यान का सौंदर्यीकरण एवं विस्तार, बाह्य विषय विशेषज्ञों से व्याख्यान की व्यवस्था तथा विभिन्न विषयों के महत्वपूर्ण रिसर्च जर्नल को क्रय करने के लिए कोष की व्यवस्था, 'बी'ब्लॉक के मंच का विस्तार एवं स्थायी निर्माण तथा राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत करने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। साथ ही उपस्थित सदस्यों ने अनेक आवश्यक सुझाव भी दिए, जिनमें पूरे कैम्पस में वाई-फाई की सुविधा, गार्डन का विस्तार, थाना परिसर तक वृक्षारोपण करने, सायकल स्टैण्ड के मरम्मत, परिसर में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए उतई थाना से सम्पर्क कर नियमित पुलिस पेट्रोलिंग की व्यवस्था करने के सुझाव दिए गए। बैठक में समिति के सदस्यगण सोनू राजपूत, रूपेश पारख, लक्ष्मीनारायण साहू, लाकेश देवांगन, सांसद प्रतिनिधि ममता चन्द्राकर, शशिकांत वर्मा, राजेन्द्र ध्रुव, पार्षद विजय लक्ष्मी साहू, महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक गण, डॉ. श्रीमती शुभा शर्मा, डॉ. ए. के. श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# बीएसपी का फायर ब्रिगेड : अदम्य साहस और सामूहिक सुरक्षा की मिसाल

## संयंत्र के साथ बाहर भी अग्नि दुर्घटनाओं को नियंत्रित करता है दमकल बेड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ के औद्योगिक परिदृश्य में भिलाई इस्पात संयंत्र केवल उत्पादन क्षमता के लिए ही नहीं, बल्कि अपनी सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्थाओं के लिए भी विशिष्ट पहचान रखता है। संयंत्र का फायर ब्रिगेड बेड़ा केवल अग्नि-दुर्घटना से निपटने वाली इकाई नहीं, बल्कि हर आपात स्थिति में मानवता की रक्षा के लिए तत्पर एक संगठित, प्रशिक्षित और समर्पित बल है।

आम जनमानस में फायर ब्रिगेड की छवि अक्सर एक दमकल वाहन और उसमें सवार कर्मियों तक सीमित रह जाती है, लेकिन वास्तविकता इससे कहीं अधिक व्यापक और चुनौतीपूर्ण है। बीएसपी के फायरफाइटर्स आग से जूझने के साथ-साथ रेस्क्यू ऑपरेशन, रासायनिक जोखिम, गैस रिसाव, विस्फोटक परिस्थितियों और अन्य अप्रत्याशित आपदाओं से निपटने के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित हैं। जटिल औद्योगिक वातावरण में कार्य करते हुए वे हर स्थिति में संतुलन, साहस और त्वरित निर्णय क्षमता का परिचय देते हैं।

संयंत्र की अग्निशमन सेवा चार प्रमुख स्तंभों ट्रेनिंग, प्रिवेंशन, मेंटेनेंस और ऑपरेशन पर आधारित है, जिनका समन्वित संचालन इसे अत्यंत प्रभावी बनाता है। ट्रेनिंग विंग के अंतर्गत फायरफाइटर्स को लगभग एक वर्ष के गहन प्रशिक्षण के माध्यम से तकनीकी दक्षता, प्राथमिक उपचार, आपदा प्रबंधन के साथ-साथ मानसिक और शारीरिक दृढ़ता के लिए तैयार किया जाता है। यह प्रशिक्षण केवल संयंत्र तक सीमित न रहकर स्कूलों, अस्पतालों और अन्य संस्थानों तक भी विस्तारित है। इससे समाज में भी सुरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित हो रही है। दमकल विभाग बीएसपी के में अग्नि हादसों को नियंत्रित करने के साथ जिला व आसपास भी दुर्घटनओं में सहयोग कर रहा है।

दमकल बेड़ा संवेदनशील स्थलों तेल भंडारण क्षेत्र, गैस एजेंसियां और पेट्रोल पंप की नियमित निगरानी करता है। संयंत्र में स्थापित 16,200 से अधिक अग्निशामक यंत्रों का प्रत्येक चार माह में निरीक्षण इस सतत सतर्कता का प्रमाण है। वहीं मेंटेनेंस विंग फायर टेंडर, पंप और आपातकालीन उपकरणों की कार्यक्षमता सुनिश्चित करता है।


ऑपरेशन विंग इस पूरी व्यवस्था का क्रियान्वयन करते हुए आग पर नियंत्रण, रेस्क्यू कॉल, मॉक ड्रिल, वीआईपी ड्यूटी, डिवाटरिंग और गैस लाइन संचालन जैसे विविध कार्यों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करता है। उल्लेखनीय है कि फायर कॉल प्राप्त होते ही मात्र 30 सेकंड के भीतर टीम घटनास्थल के लिए रवाना हो जाती है। यही त्वरित प्रतिक्रिया कई बार संभावित बड़े नुकसान को टालने में निर्णायक सिद्ध होती है।



### साहस की जीवंत मिसालें

हाल में इस फायर ब्रिगेड के भिलाई सेक्टर-6 स्थित एक प्रतिष्ठान में लगी आग के दौरान घने धुएं के बीच पीपीवी फैन और ब्रीदिंग अपरेटस सेट का उपयोग करते हुए स्थिति को नियंत्रित किया गया। रायपुर स्थित एक होटल में आग की घटना के दौरान एसडीआरएफ और एनडीआरएफ के साथ समन्वय स्थापित कर सफल बचाव कार्य किया गया। वहीं भनपुरी स्थित टार इंडस्ट्री में बड़े टैंकों में लगी भीषण आग को एएफएफएफ फोम के उपयोग से लगभग छह घंटे के अथक प्रयासों के बाद नियंत्रित किया गया, जिसमें किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। संयंत्र की फायर ब्रिगेड की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि फायर कॉल्स में आई उल्लेखनीय कमी भी है।

## खबर संक्षेप



### गांजा सप्लाई करने वाले दो युवक और एक महिला पुलिस की गिरफ्त में

**भिलाई।** उड़िसा से गांजा तस्करी करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बालाजी नगर श्री राम मंदिर के पास स्थित मकान में उड़ीसा से आए युवकों द्वारा गांजा लाकर बेचने की फिराक में थे। पुलिस ने टीम बनाकर पहुंची और युवकों को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर चिंचेड, थाना तूसरा, जिला बलांगीर उड़ीसा निवासी नवीन राना, प्रमोद राणा,बालाजी नगर, खुर्शीपार दुर्गा अम्मा बताया गया। तलाशी के दौरान आरोपियों से 9 किलो 500 ग्राम गांजा, नगदी रकम 12 हजार दो मोबाइल जब्त किया गया। आरोपियों ने स्वीकार किया कि उड़ीसा से गांजा लाकर यहां बेचा करते थे। गांजा की कीमत 4.75 लाख रुपए आंकी गई है।

### सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों और कर्मियों से संवाद



**भिलाई।** पुलिस कंट्रोल सेक्टर 6 में पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए अधिकारी व कर्मियों की संवाद बैठक हुई। जिसमें एएसपी से लेकर आरक्षक स्तर तक के 60 वर्षीयि सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मी शामिल हुए थे। बैठक में अपना परिचय बताकर 38-40 वर्षों के पुलिस सेवा अवधि में अर्जित अनुभवों को साझा किया। सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा पुलिस की छवि सुधार के लिए आम नागरिकों के साथ व्यवहार में संवेदनशीलता, शिकायतों का त्वरित निराकरण, समय पर मौके पर पहुंचकर कार्रवाई बीट स्तर पर नियमित संवाद, सामुदायिक पुलिसिंग, मजबूत करने जैसे महत्वपूर्ण सुझाव दिया है। थाना प्रभारियों को एसएसपी विजय अग्रवाल ने कहा कि अपने-अपने थाना क्षेत्र में निवासरत सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों कर्मचारियों की जानकारी संधारित करें। बीट अधिकारियों कर्मचारियों के माध्यम से नियमित संपर्क बनाए रखें। व्हाट्सएप ग्रुप का गठन कर सतत संवाद स्थापित करें और मोहल्ला बीट पुलिसिंग में उनका सहयोग करें। इस दौरान एएसपी सुखनंदन राठौर, मणीशंकर चंद्रा, डीएसपी क्राइम युमणी सिदार समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## जरूरी होने पर ही निकलें घर से बाहर, खाली पेट ना निकलें

# गर्मी बढ़ने के साथ ही उल्टी-दस्त के मामलों में इजाफा, लोग पहुंच रहे सरकारी अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

गर्मी बढ़ने के साथ ही उल्टी और पेट से जुड़ी समस्याओं के मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। इलाज के लिए रोज 40 से 50 लोग जिला अस्पताल दुर्ग और सिविल अस्पताल सुपेला में पहुंच रहे हैं।

तेज धूप, अधिक पसीना निकलना और शरीर में पानी की कमी के कारण बच्चे, बुजुर्ग और बाहर काम करने वाले लोग ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। कई मरीज उल्टी, चक्कर, कमजोरी और बुखार जैसी शिकायत लेकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार ऐसे में लोगों को दिनभर में पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए और शरीर को हाइड्रेट रखना जरूरी है। बीमारी से बचने घर से बाहर निकलते समय सिर को ढककर रखें और धूप से बचना जरूरी है। डॉक्टरों द्वारा लोगों को सलाह दी जा रही है कि अधिक देर तक खाली पेट न रहें और हल्का, ताजा और सुपाच्य भोजन करें। वहीं बासी और खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों से परहेज करने की सलाह दी जा रही है। डॉक्टरों ने बताया कि अगर किसी को लगातार उल्टी, दस्त या कमजोरी महसूस हो रही है तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

### हेल्थ विभाग ने जारी की एडवायजरी, हीट वेव से बचने जतन जरूरी





### बाहर के खुले और बासी खाने से बचें

दही, छाछ और लस्सी जैसे पेय पदार्थ भी गर्मी में बहुत फायदेमंद होते हैं। ये पाचन को ठीक रखते हैं और शरीर को ठंडा बनाए रखते हैं। दिनभर में पर्याप्त मात्रा में पानी पीना जरूरी है। साथ ही बाहर के खुले और बासी खाने से बचना चाहिए, क्योंकि इससे फूड पॉइजनिंग का खतरा बढ़ जाता है। खाने में हरी सब्जियां, फल और हल्की दालों को शामिल करना बेहतर रहता है। ज्यादा देर तक भूखे रहने से भी बचना चाहिए, क्योंकि इससे कमजोरी और चक्कर की समस्या हो सकती है।

### सही खानपान से ही मिलेगी राहत

गर्मी का मौसम आते ही शरीर पर सीधा असर दिखने लगता है। तेज धूप, पसीना और पानी की कमी के कारण थकान, डिहाइड्रेशन और पेट से जुड़ी समस्याएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में सही खानपान ही सबसे बड़ा बचाव बनता है। विशेषज्ञों के अनुसार, गर्मी के दिनों में हल्का, ताजा और आसानी से पचने वाला भोजन करना चाहिए। ज्यादा तला-भुना और मसालेदार खाना शरीर में गर्मी बढ़ाता है, जिससे परेशानी और बढ़ सकती है। इस मौसम में पानी से भरपूर चीजें ज्यादा फायदेमंद होती हैं। जैसे तरबूज, खरबूजा, खीरा, ककड़ी और नारियल पानी। ये शरीर को ठंडक देते हैं और पानी की कमी नहीं होने देते।

### तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें

बिना किसी जरूरी काम के तेज धूप में बाहर निकलने से बचना चाहिए। अगर बाहर जाना जरूरी हो, तो सिर को गमछे से ढकें और आंखों को तेज धूप से बचाने के लिए चश्मे का इस्तेमाल करें। अगर किसी व्यक्ति को उल्टी, चक्कर, कमजोरी या अन्य स्वास्थ्य समस्या महसूस हो, तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करना चाहिए। यहां मरीजों को ओआरएस के साथ-साथ आवश्यक दवाइयां नि:शुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं।

**डॉ. पीयम सिंह,**
प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, सिविल अस्पताल सुपेला

## जनता से सीधा संवाद स्थापित करने का माध्यम है वार्ड चलो अभियान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस पर पार्टी के प्रदेश नेतृत्व व जिला भिलाई के निर्देशानुसार गांव चलो वार्ड चलो अभियान का आयोजन किया गया। इसी क्रम में वैशाली नगर मंडल के शक्ति केंद्र 17, वार्ड 20 में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। मंडल अध्यक्ष शशि भगत के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन उपस्थित थे। विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ वार्ड का भ्रमण किया और केंद्र व राज्य सरकार की जनहितैषी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया।

■ वैशाली नगर मंडल के वार्ड 20 में चलाया गया जनसंपर्क अभियान

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रिकेश सेन ने कहा कि भाजपा का यह अभियान केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि जनता से सीधा संवाद स्थापित करने का माध्यम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र सरकार की उपलब्धियों को हर घर तक पहुंचाएं और आमजन की समस्याओं के निराकरण में तत्परता दिखाएं।

इस अभियान में संगठन की मजबूती और सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने जिला व मंडल स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए जिसमें जिला कोषाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, जिला मंत्री पारस जंघेल, पार्षद प्रदीप सेन, स्मृति दौड़के, मनीष सिंह, नागेंद्र सिंह, मोतीलाल श्रीवास्तव, अंकुर शर्मा, विनय सेन, शैलेंद्र सक्सेना, संजय साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### चरोदा में भाजपा का गांव चलो बस्ती चलो अभियान



**भिलाई।** प्रदेश व जिला संगठन के निर्देश पर गांव चलो बस्ती चलो अभियान चरोदा में शुरु किया गया। इस दौरान वार्ड 21, 22, 23, 24, 25 के शक्ति केंद्रों की बैठक बस्ती चलो अभियान को लेकर वार्ड 24 सतनाम भवन के पास रखी गई। ग्राम देवबलौदा व वार्ड 28 उड़िया बस्ती में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अतिथि के रूप में अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा थे। इस दौरान भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, सुषमा जेठानी, खिलावन साहू, चंद्र प्रकाश पांडे, पूर्णिमा ठाकुर, परमजीत सिंह, पार्षद सत्य प्रकाश शर्मा, उषा चौहान, अंकिता बनर्जी, सुशील यादव, तरुण परगनिया मलय बनर्जी, अगरलाल जोशी आदि मौजूद थे।

## एससी एसटी ओबीसी व अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों ने दिया दुर्ग में धरना




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण के संबंध में पारित धर्म विधेयक कानून के खिलाफ और पिछले तीन साल से लंबित पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण बिल शीघ्र लागू किए जाने की मांग को लेकर मूलनिवासी संघ के बैनर तले एससी एसटी ओबीसी अल्पसंख्यक वर्ग के सैकड़ों सदस्यों द्वारा मानस भवन दुर्ग मे धरना-प्रदर्शन कर रैली निकाली गई। इसके बाद जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। मूलनिवासी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत पटेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ मे राज्य सरकार द्वारा धर्मांतरण पर धर्म विधेयक कानून पारित किया गया है जो कि छत्तीसगढ़ के नागरिको की धार्मिक स्वतंत्रता पर प्रहार है। जिला अध्यक्ष जय साहू, अखिल भारतीय एससी एसटी ओबीसी संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव अनिल मेश्राम ने कहा कि डॉ. बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर द्वारा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 से 28 मे भारत के प्रत्येक नागरिक को धार्मिक स्वतंत्रता प्रदान की गई है, जिसके अनुसार कोई भी नागरिक अपनी पसंद के अनुरूप स्वेच्छापूर्वक धर्म परिवर्तन कर सकता है। इस दौरान अनिल रंगारी, राकेश प्रकाश, पलाश कुमार, रतन सोना, अरूण जान, मनोज चौधरी, मुकेश चौरे आदि मौजूद थे।

## मानसून की तैयारी, वैशालीनगर जोन में मुख्य नाले की हुई सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा आगामी मानसून को देखते हुए शहर के बड़े नालों और जल निकासी प्रणालियों की सफाई का अभियान तेज कर दिया गया है। इसी क्रम में जोन-2 वैशाली नगर अंतर्गत केम्प-1, वार्ड 26 स्थित मुख्य नाले की साफ-सफाई कार्य का निरीक्षण वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।

निगम के सफाई कर्मियों द्वारा नाले के भीतर जमी जलकुंभी, झिल्ली-पन्नी, प्लास्टिक कचरा एवं गाद (सिल्ट) निकालने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य जल मार्ग की बाधाओं को दूर करना है ताकि बारिश के दौरान पानी का बहाव निर्बाध रूप से हो सके और जलभराव की स्थिति निर्मित न हो।

क्षेत्रवासियों की सुरक्षा और निकासी व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए नाले के दोनों ओर रिटर्निंग वॉल (सुरक्षा दीवार) बनाने की योजना है, कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है।बारिश के दौरान पानी को ओवरफ्लो होकर गलियों में घुसने से रोकना मुख्य उद्देश्य है। भविष्य में होने वाली किसी भी संभावित दुर्घटना को टालना है।निरीक्षण में उपस्थित अधिकारी सफाई कार्यों की गुणवत्ता और गति का जायजा लेने के लिए मौके पर कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता श्वेमा वर्मा, उप अभियंता अशोक देवांगन, सहायक राजस्व अधिकारी प्रशन्न तिवारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी शंकर सहानी एवं स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।निर्देशित किया गया है कि मानसून की पहली बारिश से पहले सभी आवश्यक तकनीकी कार्य और सफाई पूरी कर ली जाए, ताकि नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## बीएसपी में पीएम इंटर्नशिप के लिए आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) के चरण–3 के अंतर्गत युवाओं को औद्योगिक अनुभव प्रदान करने के लिए160 इंटर्नशिप अवसरों की घोषणा की गई है। इस योजना के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों को भिलाई इस्पात संयंत्र में वास्तविक वातावरण में रहकर कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। यह इंटर्नशिप कार्यक्रम 9 माह की अवधि का होगा। इसके तहत चयनित अभ्यर्थियों को प्रति माह 9 हजार का मानदेय प्रदान किया जाएगा। यह संरचित प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रतिभागियों को उद्योग से संबंधित आवश्यक दक्षता बढ़ाकर करियर विकास करेगा।

पात्रता 10वीं उत्तीर्ण, डिप्लोमा धारक एवं स्नातक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तारीख 13 मई है।




### निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने किया जोन-5 का औचक निरीक्षण

# वाटर एटीएम, तालाब सफाई, जनगणना कार्य और विकास कार्यों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शुक्रवार को जोन-5 के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वाटर एटीएम, तालाब सफाई और जनगणना कार्य की जानकारी ली। जल आपूर्ति, स्वच्छता और शासन के महत्वपूर्ण अभियानों की समीक्षा की।

आयुक्त ने सेक्टर-07 स्थित कल्याण कॉलेज परिसर में स्थापित वाटर एटीएम का निरीक्षण किया। यह वाटर एटीएम सांसद निधि से निर्मित किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य भीषण गर्मी के दौरान कॉलेज के छात्र-छात्राओं को ठंडे पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराना है। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल आपूर्ति सुचारू रहे ताकि विद्यार्थियों को राहत मिल सके।

सेक्टर-07 स्थित तालाब के निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। गर्मी के प्रभाव से तालाब का जलस्तर कम होने पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने जल संरक्षण और स्वच्छता को लेकर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।



### जनगणना कार्य का फील्ड वर्क को देखा

शासन के निर्देशानुसार वर्तमान में चल रहे जनगणना कार्य का निरीक्षण करने आयुक्त पांडेय सेक्टर-06 ए मार्केट पहुंचे। यहाँ सेक्टर-05 के निगम कर्मचारियों द्वारा फील्ड वर्क किया जा रहा है। आयुक्त ने कार्य की प्रगति देखी और चर्चा कर कहा कि कार्य के दौरान यदि कोई तकनीकी या व्यावहारिक समस्या आती है, तो तत्काल उच्च अधिकारियों को अवगत कराएं। निरीक्षण के दौरान निगम की टीम मुस्तैद रही, जिसमें मुख्य रूप से श्वेता महेश्वर सहायक अभियंता, शंकर सुमन मरकाम उप अभियंता, सागर दुबे जोन स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। आयुक्त पांडेय ने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल और स्वच्छता हमारी प्राथमिकता है। शासन की योजनाओं और जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए क्षेत्र में सक्रिय रहें।

# हरिभूमि लाइव

भिलाई, सोमवार 13 अप्रैल 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129


**लाइव इवेंट**

## समाजसेवी इंद्रजीत सिंह बनाए गए जिला हॉकी संघ दुर्ग के संरक्षक



**भिलाई।** जिला हॉकी संघ दुर्ग द्वारा आयोजित एकता कप अखिल भारतीय 7 ए-साइड रात्रिकालीन हॉकी टूर्नामेंट के अंतर्गत खेले गए पांचवें मैच में एचटीसी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डीएचए कोरबा को 5-0 से पराजित किया। इस रोमांचक मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष, हैवी ट्रांसपोर्ट के डायरेक्टर इंद्रजीत सिंह छोटू उपस्थित थे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा खेल भावना को बढ़ावा देने के लिए ऐसे आयोजनों की सराहना की।

इंद्रजीत सिंह छोटू ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। इस अवसर पर जिला हॉकी संघ दुर्ग द्वारा इंद्रजीत सिंह छोटू को जिला हॉकी संघ दुर्ग का संरक्षक बनाया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पूर्व भारतीय हॉकी टीम की कप्तान और अर्जुन अवार्ड व पद्मश्री से सम्मानित सबा अंजुम, दुर्ग शहर के पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, वार्ड 40 के पार्षद प्रतिनिधि विनोद चंद्राकर, कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव अयूब खान, वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी जसपाल सिंह, सुधीर वाघ, योगेश बघेल सहित जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष अयूब इरफ़ान, सचिव जहांगीर खान सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी मौजूद थे।



● ›हर संडे आयोजन: फिल्म देखने पहुंचीं मेयर अल्का बाघमार, शिक्षाविद आईपी मिश्रा, आयुक्त डीएस राजपूत भी हुए शामिल

# गर्मी की छुट्टियों में हरिभूमि दिखा रहा बच्चों और अपने पाठकों को फिल्म, मर्दानी देखने लोगों में दिखा उत्साह





**भिलाई।** गर्मी की छुट्टी के बीच इस संडे को खास बनाने हरिभूमि ने बच्चों, युवाओं और महिलाओं को फ्री में फिल्म दिखाई। फिल्म थी मर्दानी, इसे लेकर सभी में खासा उत्साह देखा गया। आयोजन में दुर्ग निगम की महापौर अल्का बाघमार, गंगाजलि एजुकेशन सोसायटी के चेयरमैन और शिक्षाविद आईपी मिश्रा, भिलाई-चरोदा निगम के आयुक्त डीएस राजपूत प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस फिल्म में बच्चों और युवाओं ने मनोरंजन के साथ एक यादगार अनुभव किया। आयोजन का यह दूसरा सप्ताह है। बता दें कि हरिभूमि द्वारा गर्मी की छुट्टियों में अपने पाठकों के लिए फ्री में हर हफ्ते एक नई मूवी दिखाने का प्रयास शुरू किया है। अप्रैल और मई महीने में यह आयोजन किया जाना है। प्रतिष्ठित सिनेमाघर चंद्रा-मौर्या में फिल्में दिखाई जा रही है।

रविवार को हरिभूमि और श्री खाटू श्याम ज्योतिष के संयुक्त तत्वावधान में फिल्मोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आरोग्य भारती की प्रांत अध्यक्ष और गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. मानसी गुलाटी विशेष रूप से मौजूद रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत में हरिभूमि के यूनिट हेड विजय प्रसाद मंडल, अतुल अग्रवाल, जाखिर हुसैन, संगीता मिश्रा, संजय पांडेय, सुवांकर राय, कौशिक चटर्जी, राजू पाण्डेय, राजू डोरा, पिंकी चौधरी, बलदाऊ पाण्डेय, राजीव पाण्डेय ने अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद बच्चों को फिल्म दिखाई गई, जिसका सभी ने जमकर आनंद लिया। फिल्मोत्सव के दौरान बच्चों के चेहरे पर खुशी साफ नजर आई। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को मनोरंजन के साथ एक सकारात्मक माहौल देना था, जिसमें आयोजक पूरी तरह सफल रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने आयोजन के लिए हरिभूमि और सहयोगी संस्था का आभार व्यक्त किया।







**लाइव इवेंट**

## बंगाली नववर्ष पर होगा भव्य आयोजन, 15 अप्रैल को जुटेगा पूरा समाज



**भिलाई।** भिलाई में बंगाली समाज नववर्ष को खास अंदाज में मनाने जा रहा है। पोइला बैशाख के मौके पर एक बड़े सांस्कृतिक आयोजन की तैयारी है, जिसमें हजारों लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। भिलाई में बंगाली समाज द्वारा नववर्ष यानी पोइला बैशाख के आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। रविवार को सामाजिक भवन सेक्टर-7 में आयोजित बैठक में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारियां तय कीं। यह आयोजन 15 अप्रैल को सिविक सेंटर स्थित ओपन एयर थिएटर में होगा, जहां करीब 3 हजार से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है। बैठक में आयोजन की हर छोटी-बड़ी व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। सफाई व्यवस्था से लेकर आम लोगों के बैठने की व्यवस्था, मंच सजावट और सुरक्षा व्यवस्था तक सभी जिम्मेदारियां अलग-अलग लोगों को सौंपी गई हैं, ताकि कार्यक्रम सुचारु रूप से संपन्न हो सके। कार्यक्रम की खास बात यह होगी कि इसमें कोलकाता के प्लेबैक सिंगर प्रणय मजूमदार अपनी टीम के साथ लाइव प्रस्तुति देंगे। उनके गीतों से नववर्ष का उत्सव और भी खास बनने वाला है। इसके अलावा आयोजन के दौरान समाज की ओर से कैलेंडर वितरण भी किया जाएगा।

## चन्द्रमणि बुद्ध विहार में मनाई जाएगी डॉ. अंबेडकर जयंती

**भिलाई।** दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष भीमराव यशवंतराव आम्बेडकर के नेतृत्व व निर्देशन में अंबेडकर जयंती मनाई जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष अनिल मेश्राम, महासचिव नरेन्द्र खोब्रागड़े, चन्द्रमणि जनकल्याण समिति की अध्यक्ष अनिता मेश्राम व गौतम खोब्रागड़े ने बताया कि 14 अप्रैल को दोनो संस्थाओ द्वारा डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंम्बेडकर की 135वीं जयंती संयुक्त रूप से चन्द्रमणि बुद्ध विहार परिसर तीन दर्शन मंदिर के पास कैम्प-1 भिलाई में संध्या 7 बजे से कार्यक्रम आयोजित है।

## 13वां ध्वजारोहण महोत्सव 14-15 अप्रैल को, दो दिवसीय आयोजन में दिखेगा भक्ति और उल्लास

**भिलाई।** ऋषभ नगर जैन श्वेतांबर मंदिर एवं दादाबाड़ी में 13वां ध्वजारोहण महोत्सव 14 एवं 15 अप्रैल को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह आयोजन ऋषभ नगर श्वेतांबर जैन मंदिर एवं जिनदत्त ऐं दादाबाड़ी ट्रस्ट के आतिथ्य में सम्पन्न होगा। उत्सव समिति के अध्यक्ष योगेश बरड़िया ने जानकारी देते हुए बताया कि जिनालय में ध्वजारोहण एवं दादाबाड़ी में अमर ध्वज फहराया जाएगा। दोनों ही आयोजनों में समाज के स्वधर्मी भाई-बहनों द्वारा बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई जा रही है।

### 14 अप्रैल को विविध धार्मिक आयोजन

14 अप्रैल को पश्चात पूजा, 18 अभिषेक महापूजन, दादा गुरुदेव का पूजन, गौतम प्रसादी एवं महाआरती का आयोजन होगा। रात में अहमदाबाद के मीत लुक्कड़ द्वारा भक्ति संध्या एवं भावयात्रा प्रस्तुत की जाएगी। यह आयोजन फूलचंद-कस्तूरी देवी चोपड़ा परिवार द्वारा किया जायेगा।



### 15 अप्रैल को निकलेगी शोभायात्रा

15 अप्रैल की सुबह पक्षाल पूजा के साथ ध्वजा की शोभायात्रा ऋषभ कॉलोनी क्षेत्र में निकाली जाएगी। नवकारसी के लाभार्थी विजय बसंत कटारिया परिवार एवं स्वामी वात्सल्य के लाभार्थी भीकमचंद-यशकुमार कोठारी परिवार रहेंगे। पूजा-अर्चना विधि विधान से कराने के लिए मीत लुक्कड़ अपनी सेवाएं देंगे।

ऋषभ नगर जैन श्वेतांबर मंदिर ट्रस्ट के उत्तम बरड़िया एवं उत्सव समिति के अध्यक्ष योगेश बरड़िया ने सभी जैन परिवारों से इस दो दिवसीय धार्मिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने अपील की है। कार्यक्रम की तैयारियों में संदीप निमाणी, गौतम टाटिया, गौतम कोठारी, विशाल सेठिया, सुदीप कोचर, संदीप दुग्गड़, आशीष लुनिया, रजनीश मारोठी, दीपक भिडगिचिया, अरुण लोढ़ा सहित समस्त पदाधिकारी सक्रिय रूप से सहयोग दे रहे हैं।

## कमलेश को भोपाल में मिलेगा राष्ट्रीय सम्मान



**भिलाई।** बाल कल्याण एवं बाल साहित्य शोध केंद्र भोपाल के द्वारा 2026 के लिए विविध सम्मानों की घोषणा कर दी गई है। जिसके तहत पन्नालाल शर्मा बाल साहित्य सम्मान छत्तीसगढ़ के चर्चित बाल साहित्यकार कमलेश चंद्राकर को प्रदान किया जाएगा। दुर्ग निवासी चंद्राकर को यह सम्मान 3 मई को भोपाल में आयोजित समारोह में प्रदान किया जाएगा। केंद्र के निर्देशक महेश सक्सेना ने जानकारी देते हुए हाल ही में चंद्राकर के पांचवें बाल गीत संग्रह मम्मा मेरी सुनो जरा का विमोचन व विमर्श दिल्ली के प्रख्यात साहित्यकार दिविक रमेश की उपस्थिति में भिलाई में हुआ है। बाल कल्याण एवं बाल साहित्य शोध केंद्र की ओर से बाल साहित्यकार, बाल चिकित्सा और बाल पत्रिका को हर वर्ष यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान दिए जाते हैं।

**आर्य समाज वैदिक शिक्षा समिति के आयोजन में लोगो को मिला सरल जीवन जाने की सीख**

**कार्नर न्यूज**

# आत्मचिंतन का बताया सरल और प्रभावी मंत्र, सत्य की राह पर चलें, तो जीवन खुद संवर जाएगा

**भिलाई।** आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में जहां हर कोई सफलता, शांति और संतुलन की तलाश में है, वहीं अक्सर हम बाहरी परिस्थितियों को दोष देते हुए अपने भीतर झांकना भूल जाते हैं। ऐसे समय में आर्य समाज वैदिक शिक्षा समिति द्वारा आयोजित जीवन मंत्र कार्यक्रम ने लोगों को आत्मचिंतन और आत्मसुधार का सरल, लेकिन प्रभावी मार्ग दिखाया।

कार्यक्रम में आचार्य डॉ. अजय आर्य ने अपने ओजस्वी और सहज उद्बोधन से जीवन के गहरे सत्य को बेहद सरल शब्दों में सामने रखा। उन्होंने कहा कि सत्य को अपनाना आसान लगता है, लेकिन उसे जीवन में उतारना सबसे कठिन काम है। यही वह बिंदु है, जहां से बदलाव की शुरुआत होती है। उन्होंने वैदिक संदेश असतो मा सद्गमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय का अर्थ समझाते हुए बताया कि हर व्यक्ति अपने जीवन में प्रकाश चाहता है, लेकिन बिना विचारों को बदले यह संभव नहीं। अज्ञान का अंधेरा तभी मिटेगा, जब हम स्वयं अपने भीतर ज्ञान का दीप जलाने का प्रयास करें।





### अपनी कमियों का दोष दूसरों पर न थोपें

आचार्य ने एक सरल उदाहरण से समझाया कि अक्सर हम अपनी कमियों का दोष दूसरों पर मढ़ देते हैं जैसे कोई व्यक्ति आईने को दोष दे कि चेहरा गंदा दिख रहा है, जबकि वास्तविकता कुछ और होती है। यह उदाहरण श्रोताओं को भीतर तक छू गया और सभी को आत्ममंथन के लिए प्रेरित किया। उनकी बातों में व्यंग्य और सच्चाई का अनोखा मिश्रण था। उन्होंने कहा कि आज का इंसान सफलता चाहता है, लेकिन प्रयास नहीं, सम्मान चाहता है, लेकिन व्यवहार नहीं, और ज्ञान चाहता है, लेकिन अध्ययन नहीं। यह सुनकर सभा में बैठे सभी के चेरों पर मुस्कान के साथ एक गहरी सोच भी दिखाई दी।

### समय का पालन करें और सत्य बोलें

आधुनिक जीवनशैली पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि मोबाइल को साइलेंट करने से शांति नहीं मिलती, उसके लिए मन के विचारों को भी शांत करना जरूरी है। यह बात आज के डिजिटल युग में हर किसी के लिए एक जरूरी संदेश बनकर उभरी। सफलता के सूत्र को बेहद सरल शब्दों में बताते हुए उन्होंने कहा समय का पालन करें, सत्य बोलें और अपने कर्तव्यों को टालें नहीं। छोटी-छोटी आदतें ही जीवन की बड़ी उपलब्धियों की नींव बनती हैं।

कार्यक्रम के माध्यम से संदेश दिया गया कि आर्य समाज केवल एक विचार नहीं, बल्कि जागरूकता और आत्मपरिवर्तन का माध्यम है। जब व्यक्ति खुद को सुधारता है, तभी समाज में वास्तविक बदलाव आता है।

अंत में उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि वे अपने जीवन में सत्य, अनुशासन और सकारात्मक सोच को अपनाकर न केवल खुद को बेहतर बनाएंगे, बल्कि समाज में भी एक नई रोशनी फैलाने का प्रयास करेंगे।

**सिटी इवेंट**

## नीलू महिला स्व सहायता समूह ने किया सुंदरकांड का पाठ



■ दुर्गेश्वर महादेव मंदिर आदित्य नगर में महाभंडारा का भी आयोजन

**दुर्ग।** नीलू सिंह महिला स्व सहायता समूह द्वारा दुर्गेश्वर महादेव मंदिर आदित्य नगर में श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ सुंदरकांड पाठ, भजन-कीर्तन एवं महाभंडारे का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तजन शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसके पश्चात समूह की महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से सुंदरकांड का भावपूर्ण पाठ किया गया। सुंदरकांड पाठ के दौरान मंदिर परिसर पूरी तरह भक्तिमय वातावरण में डूब गया और श्रद्धालु भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी के जयकारों के साथ भक्ति में लीन दिखाई दिए। इसके पश्चात भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तिमय गीतों की प्रस्तुति ने सभी उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन-कीर्तन में महिलाओं, युवाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरी श्रद्धा के साथ भगवान की आराधना की। कार्यक्रम के अंत में महाभंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति द्वारा सुव्यवस्थित रूप से प्रसाद वितरण किया गया, जिससे सभी श्रद्धालुओं को सहजता से महाप्रसाद प्राप्त हो सका। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में अनुशासन, श्रद्धा एवं उत्साह का वातावरण देखने को मिला। नीलू महिला स्व सहायता समूह की इस पहल की क्षेत्रवासियों ने सराहना की और ऐसे धार्मिक आयोजनों को सामाजिक एकता एवं आध्यात्मिक ऊर्जा का माध्यम बताया।

● टीटीएमएस ने परिवार को सहेजने और सदस्यों को एक सूत्र में पिरोने का दिया संदेश

# उगादि पर्व पर बिखेरी सांस्कृतिक धरोहर की अनुपम छटा, पारंपरिक पोषाक में दी प्रस्तुति, वरिष्ठ हुए सम्मानित

भिलाई। दक्षिण भारतीयों में आंध्र समाज का प्रमुख पर्व उगादि सामाजिक सद्भाव व समरसता, सम्मान और संस्कृति के अनूठे संगम के बीच मनाया गया। इस दौरान परंपरा और अध्यात्म का नजारा दिखाई दिया। जहां महिलाएं पारंपरिक पोषाक में नजर आई वहीं समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान कर परिवार को एक सूत्र में पिरोने का संदेश दिया गया। तिरुमला तेलुगु महिला समाज टीटीएमएस के तत्वावधान में एसएनजी, सेक्टर 4 के ऑडिटोरियम में आयोजित उगादि पर्व का कार्यक्रम में सम्मान समारोह के अलावा सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करती हुई नृत्य प्रतियोगिता भी हुई, जिसमें सेक्टर 6 ग्रुप प्रथम, तालपुरी एवं सेक्टर 4 ग्रुप द्वितीय, सेक्टर 2 तृतीय तथा सेक्टर 5 और चरोदा ग्रुप चौथे स्थान पर रहे। वहीं पी सृजना और टी काव्या को बेस्ट डान्सर घोषित किया गया। जजों की भूमिका राखी रॉय तथा डॉ जी रतीश बाबू ने निभाई। कार्यक्रम का संचालन रमा गोर्ती ने किया। रंगारंग सांस्कृतिक छटा के बीच टीटीएमएस की अध्यक्ष टी जया रेड्डी ने पचास से अधिक समाज प्रमुखों, वरिष्ठजनों, समाजसेवियों तथा चौंतीस नृत्यांगनाओं का स्मृति चिह्न और शॉल देकर सम्मान भी किया। उगादि पर्व मनाने की परंपरा दक्षिण भारतीय राज्यों विशेषकर आंध्रप्रदेश, तेलंगाना तथा कर्नाटक में रही है, इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए टीटीएमएस ने इस सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने का काम किया।





### भरतनाट्यम एवं लोक नृत्य ने बांधा समां

इससे पहले उगादि पर्व का विधिवत आरंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ, उसके बाद नृत्यांगनाओं ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत बी पूर्वी ने भरतनाट्यम के माध्यम से गणेश वंदना पेश कर की। भरतनाट्यम, लोक नृत्य और फिल्मी नृत्य प्रस्तुत करने वाली महिलाओं और बालिकाओं में भावना, शशि, प्रभा, रुक्मिणी, एस भावना, टी वीणा, उमा, माधुरी, अन्नपूर्णा, एस दिव्या, के शारदा, पी सृजना, पी अनीता, उमावती, डी गीताराव, पी आशा, जया, मानसा, गायत्री, पूजा, पी लक्ष्मी, देवयानी, एस ललिता, वी ललिता, के तुलसी, बी श्यामला, एल लावण्या, डी सत्यवती, एल मीनाक्षी, के दीपा, पुष्पलता, जी राजेश्वरी, देविका और डी सविता शामिल हैं।



### समाज प्रमुखों का हुआ सम्मान

सम्मानित होने वाले प्रमुख व्यक्तियों में एनएन राव, नीलम चन्ना केशवलु, चन्ना केशवलु, वी प्रभाराव, टी सहदेव, के रुद्रमूर्ति, श्रीनिवास, के उमाशंकर, टी डिल्लेश्वर राव, डी कामराजू, बी पापाराव, राजेश्वर राव, जोगाराव, वी अप्पलस्वामी, जे श्रीनिवास राव, लोकेश राव, डी मोहनराव, जी माधवराव, डॉ परी, डॉ के राज, मानेश्वर राव, विजयलक्ष्मी, ममता राव, नेहा पटनायक, उमास्वामी तथा जे अरुणा समेत पचास से ज्यादा लोगों के नाम शुमार हैं। कार्यक्रम में विजयलक्ष्मी, रंजू बोस, रेखा राव, द्रौपदी, रंजू रेड्डी, मंजू सूर्यवंशी, जी पद्मा राव, ईशा, भवानी रेड्डी, देवी रेड्डी, पी रमा, ओ राजेश्वरी राव, यू नमिता, एमवी शैलजा और जी रोहिणी रेड्डी की सक्रिय भूमिका रही।

**धर्म लाइव**

## वृद्धाश्रमों व आश्रय स्थलों में बांटी गई स्वच्छता सामग्री और फल




**भिलाई।** सामाजिक संस्था दिशा द्वारा रविवार को पुलगांव दुर्ग स्थित वृद्धाश्रम सहित सेक्टर-8, सेक्टर-2 भिलाई के वृद्धाश्रमों तथा सेक्टर-3 स्थित फील परमार्थम फाउंडेशन में स्वच्छता और दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्रियों का वितरण किया गया।

संस्था के सदस्यों ने वहां निवासरत बुजुर्गों और मानसिक रूप से अस्वस्थ व बेसहारा लोगों के बीच डिटर्जेंट पाउडर, फिनायल, लिक्विड सोप एवं मौसमी फलों का वितरण किया। इस दौरान संस्था के महिला सदस्यों सुधा और लक्ष्मी ने ना केवल सामग्री प्रदान की, बल्कि आत्मीय संवाद के माध्यम से उनका हालचाल जाना और उनके जीवन में अपनत्व का भाव भी जगाया। इस सेवा अभियान में राजेश धारकर, नरसिम्हा राव, भास्कर देवनाथ, प्रदीप दास, शांतनु दासगुप्ता, अशोक निम्बरते की उल्लेखनीय सहभागिता रही। अभियान के दौरान स्वच्छता के महत्व पर विशेष बल देते हुए सदस्यों ने बताया कि साफ-सफाई और स्वास्थ्य का गहरा संबंध है, जो इन आश्रय स्थलों में रहने वाले लोगों के बेहतर जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है।

**भक्ति का अनूठा संगम**

## शिव महापुराण कथा एवं 5 कुंडीय महायज्ञ का समापन होगा आज



**दुर्ग/अंडा।** गांधी नगर अंडा में आयोजित 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का समापन सोमवार, 13 अप्रैल को होगा। रविवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ यज्ञ स्थल पर उमड़ पड़ी। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ की पूर्णाहुति दी गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर विश्व कल्याण, सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। पूरा वातावरण मंत्रों की गूंज और भक्ति भाव से सराबोर रहा। कथा वाचक प्रज्ञा पुत्र सुरेश कुमार दीवान ने शिव भक्ति की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि भगवान शिव की आराधना से जीवन के सभी कष्ट दूर होते हैं और मन को शांति प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि सच्चे मन से की गई भक्ति ही जीवन को सार्थक बनाती है। यज्ञ टोली की विधिवत विदाई की गई। श्रद्धालुओं ने भावभीनी विदाई देते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया और आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। पूरे गांव में सात दिनों तक चला यह आध्यात्मिक महोत्सव भक्ति, श्रद्धा और सामाजिक एकता का अद्भुत उदाहरण बनकर सामने आया। इस आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत किया, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा और संस्कारों का संचार भी किया।

**सांस्कृतिक महत्व की चर्चा**

## रवीन्द्र उत्सव का आयोजन तीन मई को, राज्यपाल से मिला प्रतिनिधिमंडल



**भिलाई।** रवीन्द्रनाथ ठाकुर की जयंती के अवसर पर गीत वितान कला केंद्र भिलाई द्वारा 3 मई को रवीन्द्र उत्सव-2026, कविगुरु रवीन्द्रनाथ ठाकुर की जीवंत यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम की तैयारियों के तहत संस्था के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल रमेन डेका से सौजन्य भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधियों ने आयोजन की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए रवीन्द्र जयंती के सांस्कृतिक महत्व पर चर्चा की। साथ ही स्मारिका स्वर्ण नाविका के लिए राज्यपाल का संदेश प्राप्त करने के लिए पत्र भी सौंपा गया।

**गीत वितान कला केंद्र भिलाई का आयोजन**

प्रतिनिधिमंडल में रजनी सिन्हा, मिथुन दास, चंद्रा बैनर्जी, प्रदीप कुमार मित्रा, शैलेश कुमार चाहंदे, हिमांशु सिन्हा और शिवम मडामे शामिल थे। आयोजकों के अनुसार रवीन्द्र उत्सव-2026 में संगीत, नृत्य, नाट्य और काव्य प्रस्तुतियों के जरिए कविगुरु की बहुआयामी प्रतिभा को मंच पर जीवंत किया जाएगा।

**समाज इवेंट**

## डॉ. आंबेडकर और ज्योतिबा फुले की जीवनी से कराया अवगत




**भिलाई।** भारतीय बौद्ध महासभा भिलाई तत्वावधान में बाबा साहेब डॉक्टर अंबेडकर भवन सेक्टर 6 भिलाई ज्योतिबा फुले और डॉ. अंबेडकर की संयुक्त जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम लगातार 14 अप्रैल तथा 19 अप्रैल को भी जारी रहेगा। 11 अप्रैल दोपहर को बच्चों और महिलाओं द्वारा रंगोली ड्राइंग पेंटिंग व खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें विभिन्न प्रतिभागी ने हिस्सा लिया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर और ज्योतिबा फुले जयंती की सभा के लोगों को बधाई दी व उनके द्वारा किए गए कार्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रभुनाथ बैठा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ भोजपुरी परिषद्, सीमांचल बेहरा अध्यक्ष रोज सोसायटी सेक्टर 2 भिलाई, नीलम चना प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ अखिल भारतीय तेलुगू समाज, संजय सेवानिवृत न्यायाधीश दुर्ग उपस्थित हुए। मुख्य वक्ता मोहसिन खान ने महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष विनोद वासनिक, मंच संचालन महासचिव वीरेन्द्र और आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष संजू कोबरा गणेश ने किया।

**आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन**

# रक्तदान शिविर में युवाओं ने लिया बढ़ चढ़कर हिस्सा, हेल्थ चेकअप के साथ दवा का वितरण

**कार्नर न्यूज**



भिलाई। आयुष्मान कार्ड निर्माण और स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही रक्तदान शिविर का आयोजन जिला पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अंजोरा ख में किया गया। शिविर में युवाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता करते हुए विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाया। इस दौरान 70 से अधिक लोगो ने स्वास्थ्य परीक्षण कर रक्तदान किया, वहीं शिविर में पहुंचे लोगो का आयुष्मान कार्ड बनाया गया।




### 70 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाकर योजना से जोड़ा गया

जिला पंचायत सभापति प्रिया साहू ने बताया कि शिविर के दौरान ऐसे ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए, जिनके पास पूर्व में यह सुविधा उपलब्ध नहीं थी और जिन्हें उपचार के लिए भटकना पड़ता था। इस अवसर पर लगभग 70 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाकर उन्हें योजना से जोड़ा गया। साथ ही स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित लोगों का मेडिकल चेकअप किया गया तथा आवश्यकता अनुसार दवाइयों का वितरण भी किया गया। रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए रक्तदान किया। सभी रक्तवीरों को हेलमेट एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे युवाओं में उत्साह का माहौल रहा।

### चिकित्सा खर्च का अत्यधिक बोझ, आयुष्मान कार्ड जरूरी

जिला पंचायत सभापति प्रिया साहू ने बताया कि इस पहल की शुरुआत ग्राम कोटनी से की गई थी, जिसके क्रम में अब ग्राम अंजोरा ख में शिविर आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड प्रत्येक व्यक्ति एवं परिवार के पास होना आवश्यक है, क्योंकि वर्तमान समय में चिकित्सा खर्च अत्यधिक बढ़ चुका है, जिसे गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवार वहन करने में असमर्थ रहते हैं। कई बार आर्थिक अभाव के कारण उपचार भी संभव नहीं हो पाता, इन्हीं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविर में जनपद सदस्य संगीता माखन साहू, सरपंच संतोष सारथी एवं उपसरपंच माखन साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कार्यक्रम प्रभारी एवं पूर्व जिलामंत्री भाजयुमो राजा बैरागी, गोपी यादव, प्रवीण विश्वकर्मा, मयंक देवांगन, कामेश एवं शुभम सहित अन्य युवा साथियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सिटी स्पोर्ट्स

### नॉर्वे पैरा आर्मरेसलिंग में श्रीमंत ने जीता स्वर्ण पदक



**भिलाई।** पैरा आर्मरेसलिंग खिलाड़ी श्रीमंत झा ने ईदफ्योर्ड, नॉर्वे में आयोजित नॉर्वे पैरा आर्मरेसलिंग कप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 85 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। श्रीमंत झा ने अपनी इस उपलब्धि को देश के वीर शहीदों को समर्पित किया। नॉर्वे पैरा आर्मरेसलिंग कप 2026 का आयोजन 08 अप्रैल से 12 अप्रैल तक ईदफ्योर्ड, नॉर्वे में किया गया। झा वर्तमान में विश्व में तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने भारत के लिए कुल 64 अंतरराष्ट्रीय पदक जीते हैं।

### अंडर-16 में जशपुर, धमतरी, नारायणपुर और कांकेर की जीत



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-16 प्लेट ग्रुप दो दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन रविवार को शानदार मैच हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में टीम सरगुजा विरुद्ध जशपुर में परिणाम जशपुर ने 8 विकेट से जीता एवं 6 अंक प्राप्त किए। दल्ली राजहरा में हुए मैच में टीम धमतरी विरुद्ध दंतेवाड़ा में परिणाम धमतरी ने 40 रन से जीता एवं 6 अंक प्राप्त किए। कवर्धा में हुए मैच में टीम रायगढ़ विरुद्ध कवर्धा में परिणाम मैच ड्रॉ हुआ। पहली पारी की बढ़त के आधार पर कवर्धा को तीन एवं रायगढ़ को एक अंक मिले। दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में हुए मैच में टीम नारायणपुर विरुद्ध महासमुंद में परिणाम नारायणपुर ने एक पारी और 42 रन से जीता एवं सात अंक प्राप्त किए। न्यू ग्राउंड कांकेर में हुए मैच में कांकेर ने सात विकेट से जीत के साथ 6 अंक प्राप्त किए। दूसरे राउंड के मैच 14 अप्रैल से खेले जाएंगे।

### अंडर-19 में सेंट्रल जोन की जीत



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 एक दिवसीय चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत रविवार को प्रदेश के विभिन्न शहरों में मैच हुए। रघुराज स्टेडियम बिलासपुर में टीम ईस्ट जोन विरुद्ध सेंट्रल जोन में परिणाम सेंट्रल जोन ने 30 रन से जीता। बल्लेबाजी में सेंट्रल जोन 152 रन पर आउट हुआ। बल्लेबाजी में ईस्ट जोन टीम 122 रन पर आउट हुई। रेलवे ग्राउंड बिलासपुर में टीम वेस्ट जोन विरुद्ध साउथ जोन में परिणाम साउथ जोन ने 39 रन से जीता। बल्लेबाजी में साउथ जोन ने 7 विकेट पर 295 रन बनाए। बल्लेबाजी में वेस्ट जोन टीम 256 रन पर आउट हुई। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-23 चार दिवसीय सिलेक्शन मैच के अंतर्गत 13 अप्रैल को मैच होंगे। इनमें बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में ईस्ट जोन विरुद्ध नॉर्थ जोन मैच होगा। वहीं आरडीसीए रायपुर में वेस्ट जोन एवं साउथ जोन के मध्य मैच खेला जाएगा

### खेलो इंडिया अस्मिता पेंचक सिलाट में छत्तीसगढ़ ने 11 पदक जीते



**रायपुर।** आनंद, गुजरात में 31 मार्च से 1 अप्रैल तक आयोजित खेलो इंडिया अस्मिता पेंचाक सिलाट महिला लीग (सब-जूनियर, जूनियर) नेशनल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की खिलाड़ियों ने कुल 3 स्वर्ण एवं 8 कांस्य पदक हासिल किए। पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में अनामिका गुर्जर, यशस्वी सिंह, सिया कुमारी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया एवं कृतिका कशेर, अदिति सिंह, सर्वज्ञ गर्ग, निकुंज लहरे, विधि सिपानी, अविसी ओझा, ध्रुव चौबे, लावन्या साहू ने कांस्य पदक प्राप्त किया। कोच के रूप में नीलिमा साहू, मैनेजर अभिषेक देवांगन व सूर्यकांत वर्मा ने सहयोग प्रदान किया। इस उपलब्धि के लिए पेंचाक सिलाट संघ के संरक्षक रविंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष मनीष बाग, छ. ग.एथलेटिक संघ के महासचिव अमरनाथ सिंह, छत्तीसगढ़ हॉकी संघ के मनीष श्रीवास्तव, पैरा स्विमिंग संघ के महासचिव सूरज यादव ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है।

### मौसम के मिजाज को देखते हुए अस्पतालों ने शुरू कर दीं तैयारियां

# अप्रैल में लू का एहसास होने लगा तेज, हार्ट-किडनी के मरीज हो जाएं सावधान


देश भर में गर्मी चरम की ओर जा रही है। छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न हिस्सों में पहले ही लू की चेतावनी दी जा चुकी है। दिल्ली-एनसीआर में लू का अलर्ट जारी होने के बाद से स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है। अस्पताल अभी से बीमार लोगों के इलाज की तैयारियों में जुट गए हैं। डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में पिछले साल तैयार किए गए हीट स्ट्रोक यूनिट को फिर से एक्टिव कर दिया गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सभी लोगों को सावधान किया है। पिछले कुछ दिनों से देशभर में तापमान में तेजी से बढ़ोतरी देखी जा रही है। अप्रैल के पहले हफ्ते में ही दिल्ली-एनसीआर का तापमान 40 तक पहुंच गया है। मंगलवार (8 अप्रैल) को दिल्ली का तापमान 38 डिग्री तक दर्ज किया गया। मौसम विभाग पहले से ही अलर्ट कर चुका है कि इस साल की गर्मी पुराने कई रिकॉर्ड्स तोड़ सकती है। समय से पहले हीटवेव और गर्मी के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर भी अलर्ट किया गया है। बढ़ती गर्मी के कारण न सिर्फ हाई ब्लड प्रेशर और हार्ट के मरीजों की समस्या बढ़ जाती है, ये किडनी और कई अन्य गंभीर बीमारियों के जोखिम को भी बढ़ा सकती है।

भीषण गर्मी को देखते हुए भारत मौसम विज्ञान विभाग



(आईएमडी) ने सोमवार 7 अप्रैल को राष्ट्रीय राजधानी में अगले दो दिनों (मंगलवार और बुधवार) के लिए येलो अलर्ट जारी किया। इसका मतलब है कि आप सावधान रहें और गर्मी के संपर्क में आने से बचें। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, इस दौरान सभी लोगों को हल्के-ढीले कपड़े पहनने चाहिए और बाहर जाते समय अपने सिर को ढककर रखना चाहिए। बढ़ती गर्मी उन लोगों की सेहत के लिए और भी चुनौतीपूर्ण मानी जाती रही है जो पहले से कोमोरबिडिटी (एक से अधिक बीमारियों) के शिकार हैं।

इस बार गर्मी तोड़ सकती है कई रिकॉर्ड्स, डॉक्टर्स बोले अभी से हो जाइए सावधान



### अस्पतालों ने शुरू कर दी तैयारी

दिल्ली-एनसीआर में लू का अलर्ट जारी होने के बाद से ही स्वास्थ्य विभाग अलर्ट पर है। अस्पताल अभी से बीमार लोगों के इलाज की तैयारियों में जुट गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में पिछले साल तैयार किए गए हीट स्ट्रोक यूनिट को फिर से एक्टिव कर दिया गया है। वहीं, लेडी हार्डिंग में हीट स्ट्रोक यूनिट तैयार किया जा रहा है। दिल्ली सरकार के अस्पतालों में आइस पैक का स्टॉक रखा जाएगा। हीट स्ट्रोक के शिकार मरीजों के शरीर का तापमान तुरंत सामान्य हो सकें, इसके लिए कई व्यवस्थाएं की गई हैं।

सरकारी रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली में पिछले साल 25 लोगों की हीट स्ट्रोक के कारण मौत हो गई थी। हालांकि, कई संगठनों के मुताबिक हीट स्ट्रोक से दम तोड़ने वाले मरीजों का आंकड़ा 193 के करीब था।

### हार्ट और किडनी के मरीजों के लिए दिक्कतें बढ़ा सकता बढ़ता तापमान

नोएडा स्थित एक अस्पताल में इंटेसिव केयर यूनिट के डॉक्टर रविकांत गुंजन बताते हैं, गर्म मौसम और हीटवेव किसी को भी प्रभावित कर सकता है, इसके कारण गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। जैसे-जैसे आपका शरीर बढ़ते तापमान के कारण गर्म होता जाता है,



आपकी रक्त वाहिकाएं फैलने लगती हैं, जिससे रक्तचाप कम हो जाता है। इसके कारण आपके दिल को पूरे शरीर में रक्त का संचार करने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ती है। ये मौसम हृदय के मरीजों के लिए काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। इन महीनों में बरती गई थोड़ी भी लापरवाही आपके स्वास्थ्य के लिए दिक्कतें बढ़ाने वाली हो सकती है।

गर्मी से होने वाली बीमारियों में चक्कर आना, बेहोशी, मतली और सिरदर्द आम हैं, पर कुछ जटिलताएं जानलेवा भी हो सकती हैं। ये मौसम किडनी की समस्याओं से पीड़ित लोगों के लिए और भी चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

### किडनी पर असर

हीटवेव का आपकी किडनी पर भी नकारात्मक असर हो सकता है, वहीं जिन लोगों को पहले से ही किडनी की दिक्कत है उन्हें और भी सावधान रहना चाहिए। अत्यधिक गर्मी के संपर्क में रहने वाले लोगों में इलेक्ट्रोलाइट्स का असंतुलन, किडनी इंजरी होने या किडनी में पथरी होने का खतरा काफी बढ़ जाता है।



## कब्ज-अपच जैसी पेट की समस्याओं से निजात दिलाएंगे कुछ कारगर उपाय

खान-पान की गड़बड़ी ने हमारी सेहत को कई प्रकार से प्रभावित किया है, इसका सबसे ज्यादा असर पाचन स्वास्थ्य पर देखा जा रहा है। कब्ज-अपच, भोजन करने के बाद पेट फूलने जैसी कई तरह की दिक्कतें बढ़ती जा रही हैं। बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक सभी इसका शिकार हो रहे हैं। क्या आप भी अक्सर पाचन की दिक्कतों से परेशान रहते हैं?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पाचन की दिक्कतों के कई कारण हो सकते हैं। वैसे तो ये खान-पान में गड़बड़ी से होने वाली समस्या मानी जाती है पर कई बार कुछ अंतर्निहित स्वास्थ्य स्थितियों के कारण भी आपका पेट गड़बड़ हो सकता है। यही कारण है कि अक्सर बने रहने वाली पाचन की समस्याओं का समय पर निदान और इलाज जरूर करा लेना चाहिए, जिससे बीमारी के कारणों का पता लगाया जा सके।

यदि पेट की ये दिक्कतें खान-पान या लाइफस्टाइल में गड़बड़ी के कारण हो रही हैं तो कुछ घरेलू उपायों से भी इसमें आराम पा सकते हैं। ऐसे लोगों के लिए पेठा का जूस फायदेमंद हो सकता है।



### पेठा का जूस हो सकता है लाभकारी

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पेठा लो कैलोरी और लो कार्बोहाइड्रेट वाला होता है, हालांकि इसमें फाइबर की भरपूर मात्रा होती है जो इसे सेहत के लिए कई प्रकार से लाभकारी बनाती है। पेठा का जूस पीना वजन घटाने से लेकर हृदय को स्वस्थ रखने तक में फायदेमंद है। गर्मियों के दिनों में इसका सेवन शरीर को ठंडक भी देता है। लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाला होने के कारण पेठा का जूस पीना शुगर को कंट्रोल करने में भी मददगार हो सकता है। आहार विशेषज्ञ कहते हैं, पेठा का जूस पीना आपके पाचन स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभकारी हो सकता है।

### पाचन और हाइड्रेशन में मिलता है लाभ

पेठा का जूस पेट के लिए बेहद फायदेमंद होता है। इसमें उच्च मात्रा में डाइटरी फाइबर होता है, जो आंतों की गतिविधि को बेहतर बनाता है। ये आंतों में मौजूद हानिकारक तत्वों को बाहर निकालने में भी सहायक होता है। ये कब्ज की समस्या को दूर करता है और पानी की प्रचुरता के चलते शरीर को हाइड्रेटेड भी रखता है। गर्मियों में इस जूस का सेवन करके शरीर को हाइड्रेट रखने और पेट ठीक रखने दोनों में लाभ पाया जा सकता है। पेठे में पाए जाने वाले एंटीऑक्सिडेंट्स शरीर से विषाक्त तत्वों को बाहर निकालने में मदद करते हैं, जिससे पाचन बेहतर होता है। पेठे में मौजूद विटामिन-सी और मिनरल्स पेट की सूजन को कम करने में मदद करते हैं। यह पेट की गैसट्रिक समस्या और अम्लता को कम करने में सहायक है। पेठा हल्का और सुपाच्य होने से उन लोगों के लिए भी फायदेमंद होता है, जिनको अपच की समस्या है और हल्का भोजन चाहिए होता है।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

आयुर्वेदाचार्य वैद्य अच्युत त्रिपाठी कहते हैं, पेठा में मौजूद उच्च फाइबर पाचन को स्वस्थ रखता है। विटामिन, खनिज और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर, कम कैलोरी वाला यह पेय शरीर को ठंडक भी प्रदान करता है। गर्मियों में इसका सेवन लाभप्रद हो सकता है।



## तलवों के दर्द से परेशान,बिना दवा ठीक करेंगे ये असरदार योगासन!



सुबह जमीन पर पैर रखते ही तलवों में दर्द क्यों होता है?यह समस्या अक्सर प्लांटर फैसिसाइटिस, ज्यादा चलने, गलत फुटवियर या मांसपेशियों में खिंचाव के कारण होती है। रोजाना स्ट्रेचिंग और योगासन जैसे ताड़ासन, अधो मुख श्वानासन और वृक्षासन करने से दर्द में तेजी से राहत मिल सकती है।

सुबह उठते ही जैसे ही आप जमीन पर पैर रखते हैं, तलवों में तेज दर्द महसूस होता है? यह समस्या आजकल बहुत आम हो गई है, खासकर उन लोगों में जो लंबे समय तक खड़े रहते हैं या गलत जूते पहनते हैं। तलवों में दर्द के कई कारण है, जैसे प्लांटर फैसिसाइटिस यानी एड़ी और तलवे में सूजन आने पर, लंबे समय तक खड़े रहने, सख्त सतह पर चलने, गलत जूते पहनने और मोटापा या वजन बढ़ने पर पैरों में दर्द बढ़ जाता है।

इस दर्द को नजरअंदाज करना आगे चलकर बड़ी समस्या बन सकता है। लेकिन अच्छी बात यह है कि कुछ आसान योगासन अपनाकर आप इस दर्द से राहत पा सकते हैं , वो भी बिना दवाइयों के।

**ताड़ासन:** ताड़ासन के अभ्यास के लिए सीधे खड़े होकर दोनों हाथ ऊपर उठाएं और पूरे शरीर को स्ट्रेच करें। ये पैरों की मांसपेशियों को मजबूत बनाता है और तलवों में रक्त संचार बढ़ाता है।

**अधो मुख श्वानासन:** इस आसन के अभ्यास से एड़ी और तलवे में खिंचाव आता है। एड़ियों के दर्द में तुरंत राहत मिलती है। अधोमुख श्वानासन के अभ्यास के लिए हाथ और पैरों के सहारे शरीर को उल्टे वी आकार में रखें।

**वृक्षासन:** इस आसन के अभ्यास के लिए एक पैर पर खड़े होकर दूसरे पैर को जांघ पर रखें। संतुलन बनाए रखें। वृक्षासन का नियमित अभ्यास बैलेंस और स्ट्रेंथ बढ़ाता है। पैरों के दर्द को कम करता है।

**पादांगुष्ठासन :** इस आसन के अभ्यास के लिए सीधे खड़े हो जाएं। फिर आगे की ओर झुककर दोनों हाथों से पैरों के अंगूठों को पकड़ें। पादांगुष्ठासन का अभ्यास तलवों और हैमस्ट्रिंग को स्ट्रेच करता है। इससे शरीर, खासकर पैरों की अकड़न कम होती है।

**मालासन:** मालासन के अभ्यास के लिए स्क्वाट पोजिशन में बैठें और हाथ जोड़ें। इस आसन के अभ्यास के कई फायदे हैं। इससे पैरों की फ्लैक्सिबिटी बढ़ती है और दर्द व सूजन से राहत मिल सकती है।

## बाजार जैसा अमचूर अब घर पर बनाएं, जानिए पूरी विधि



कच्चे आम को छीलकर पतले टुकड़ों में काट लें, धूप में अच्छी तरह सुखाएं और सूखने के बाद पीसकर पाउडर बना लें। इसे एयरटाइट कंटेनर में स्टोर करें, यह सालभर खराब नहीं होगा।

भारतीय रसोई में खट्टे स्वाद का खास महत्व होता है और इस स्वाद को बढ़ाने के लिए अमचूर पाउडर का इस्तेमाल काफी आम है। चाहे सब्जी हो, चाट हो या दाल थोड़ा सा अमचूर डालते ही स्वाद कई गुना बढ़ जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि बाजार में मिलने वाला अमचूर हमेशा शुद्ध नहीं होता?

कई बार इसमें मिलावट या प्रिजर्वेटिव्स भी मिलाए जाते हैं, जो सेहत के लिए अच्छे नहीं होते। ऐसे में घर पर बना अमचूर पाउडर एक बेहतर और हेल्दी विकल्प हो सकता है। अच्छी बात यह है कि अमचूर पाउडर बनाना बेहद आसान है और इसके लिए ज्यादा मेहनत या खास सामग्री की जरूरत नहीं होती। सही तरीके से बनाकर आप इसे पूरे साल के लिए स्टोर भी कर सकते हैं।

अगर आप भी अपने खाने का स्वाद और सेहत दोनों बेहतर बनाना चाहते हैं, तो यह आसान रेसिपी जरूर अपनाएं। आइए जानते हैं घर पर अमचूर पाउडर बनाने का सही तरीका। घर पर अमचूर पाउडर बनाने के लिए आपको सिर्फ कच्चे आम की जरूरत होती है। ध्यान रखें कि आम ताजे और बिना दाग-धब्बों वाले हों, ताकि पाउडर का स्वाद बेहतर आए। सबसे पहले आम को धोकर छील लें। फिर इन्हें पतले-पतले स्लाइस में काट लें। पतले टुकड़े जल्दी सूखते हैं और पाउडर भी अच्छी क्वालिटी का बनता है।

कार्नर न्यूज

### शानदार मुकाबलों के साथ तीन दिवसीय राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का समापन

# हरियाणा का जलवा रहा, छत्तीसगढ़ ने भी जीता पदक

**भिलाई।** इस्पात नगरी भिलाई में तीन दिवसीय राष्ट्रीय अंडर-20 कुश्ती महासंग्राम का महाआयोजन रविवार को संपन्न हुआ। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने कहा कि हम सबकी मेहनत सफल हुई, जो हम भिलाई छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्तर की कुश्ती का यह सफल आयोजन कर पाये।

उल्लेखनीय है कि इस सफल आयोजन के पीछे सांसद विजय बघेल के नेतृत्व में उनकी टीम करीब महीने भर से जुटी हुई थी। विशेषकर लिलेश देशमुख, भूपेंद्र यादव, राघवेंद्र सिंह, अजय पणिकर, राजेश सिंह और पूर्व पार्षद देवेंद्र यादव सहित टीम के तमाम सदस्यों ने आयोजन को निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने में अपना विशिष्ट योगदान दिया।

### आखिरी दिन हुए 240 मुकाबले, हरियाणा अव्वल

राष्ट्रीय अंडर-20 कुश्ती महासंग्राम की जानकारी देते हुए निशु पाण्डेय ने बताया कि अंतिम दिन लगभग 240 मुकाबले हुए। जिसमें से 10 स्वर्ण,10 रजत एवं 20 कांस्य पदक दिये गये। छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय रहा की 55 किग्रा श्रेणी में छत्तीसगढ़ के



मन्नू यादव को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। यह मैडल छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों के लिये संजीवनी का कार्य करेगा। पूरे आयोजन में सर्वाधिक मेडल हरियाणा ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान सर्विस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (एसएससीबी) एवं तृतीय स्थान उत्तर प्रदेश ने प्राप्त किया।

### स्वर्ण, रजत और कांस्य पदकों की बहार

55 किलोग्राम श्रेणी में स्वर्ण एम.पी के नीरज, रजत छत्तीसगढ़ के मनु यादव और कांस्य एस.एस.सी.बी. के सिद्धनाथ एवं दिल्ली के योगेश, 63 किलोग्राम श्रेणी में स्वर्ण एस.एस.सी.बी से गौरव, सिल्वर हरियाणा से आर्यन और कांस्य दिल्ली से कुणाल एवीएन और बिहार से अमन, 60 किलोग्राम श्रेणी में स्वर्ण एस.एस.सी.बी.से अनिल, रजत प्रणय राजू महाराष्ट्र से और कांस्य रितेश हरियाणा से व चित्रांशु राज उत्तर प्रदेश से, 67 किलोग्राम श्रेणी में स्वर्ण अनुज हरियाणा से, रजत मुकुल यूपी से, कांस्य गोविंद एस.एस.सी.बी. से और योगेश दिल्ली से, 72 किलोग्राम श्रेणी में स्वर्ण विनीत हरियाणा से, रजत आकाश दिल्ली से और कांस्य रोहित राजस्थान से व उदय पंजाब से, 77 किलोग्राम श्रेणी में स्वर्ण सचिन कुमार हरियाणा से, रजत पदक रंजीत पंजाब से और कांस्य बादल उत्तर प्रदेश से व विकास हिमाचल प्रदेश से, 82 किलोग्राम श्रेणी में स्वर्ण आशु दलाल हरियाणा से, रजत पदक हिमांशु उत्तर प्रदेश से और कांस्य पीयूष राजस्थान से व अजय दिल्ली से, 87 किलोग्राम श्रेणी में स्वर्ण अखिल हरियाणा से, रजत विनय महाराष्ट्र से और कांस्य पदक मानव एस.एस.सी.बी. और शिवम उत्तर प्रदेश से शामिल हैं।

### कुश्ती संघ के पदाधिकारी सम्मानित,श्रद्धांजलि दी आशा भोसले को

समापन के अवसर पर भिलाई छत्तीसगढ़ में आये भारतीय कुश्ती संघ के पदाधिकारियों को ,भारतीय कुश्ती संघ रेफरी एवं उनके पदाधिकारियों को बस्तर आर्ट शील्ड देकर सम्मानित किया गया। अंत में सांसद विजय बघेल ने देश की सुर कोकिला आशा भोसले को याद किया। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि दी और आयोजन का समापन किया।

इस अवसर पर भारतीय कुश्ती संघ के कोषाध्यक्ष एस.पी.देसवाल भारतीय कुश्ती संघ के जूरी हेड प्रसूत, भाजपा के पूर्व पार्षद एवं प्रदेश ओबीसी प्रकोष्ठ के विशेष आमंत्रित सदस्य देवेंद्र यादव, छत्तीसगढ़ कुश्ती संघ के अध्यक्ष जगन्नाथ पहलवान, वीरेन्द्र यादव पहलवान, प्रशांत राय, रोशन ताम्रकार, जी सुरेश बाबे, शशिकांत बघेल, कोच सरवन यादव, भगवान पहलवान, लक्ष्मण साहू पहलवान,विकास पहलवान राघवेंद्र सिंह, राजेश सिंह, विश्वरतन सिन्हा, प्रमोद सिंह, सुधीर बंसल, सच्चिदानंद दुबे, डाकेश्वर परघनिया, नासिर खान, डॉ रमेश श्रीवास्तव, प्रकाश सावंत, शारदा गुप्ता,कमलेश दुबे, श्रीकांत ताम्रकार, रजनीकांत अग्रवाल,विनोद उपाध्याय सुभाष साव, भूषण अग्रवाल, रंजीत राजा ठाकुर और राजेश जैन आदि उपस्थित थे। इस आयोजन में मंच संचालन ममता ध्रुव (शिक्षा विभाग), निशु पाण्डेय एवं अभय सुधाकर ने किया। वहीं अपनी सांगीतमयी प्रस्तुति से आरिफ खान ने दर्शकों के साथ साथ 28 राज्यों से आये मेहमानों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छत्तीसगढ़ कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष भूपेंद्र यादव ने इस तीन दिवसीय आयोजन के लिये आभार व्यक्त किया।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## गन केस में जेल जाने से बचे सिंडी के बेटे डक्लिन, अब साल भर करेंगे यह काम



अमेरिकन सिंगर सिंडी लॉपर के बेटे डक्लिन लॉपर को एक हथियार मामले में आरोपी माना गया था। मगर इस मामले में अब सिंगर का समझौता हो चुका है। इस समझौते की वजह से उन्हें अब जेल की सजा की जगह प्रोबेशन पर रखा जाएगा। डक्लिन लॉपर पर 2024 में अवैध हथियार रखने और गोली चलाने के आरोप लगे थे। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट्स के अनुसार डक्लिन ने अपने आपराधिक हथियार रखने के आरोप को स्वीकार कर लिया था। अब समझौते के तहत उन्हें जेल की सजा के बजाय एक साल के अंतरिम प्रोबेशन की सजा सुनाई गई है। यह आरोप मैनहैटन में हुई गोलीबारी से जुड़ा हुआ है। इस आदेश के अनुसार लॉपर को नशा मुक्ति के उपचार कराना होगा। यह कार्यक्रम पूरा करने के बाद ही उन्हें हथियार रखने के आपराधिक आरोप में दोषी ठहराया जा सकेगा। जिसे हिंसक नहीं माना जाएगा।
7 फरवरी 2024 को हार्लेम में वेस्ट 112वीं स्ट्रीट पर एडम क्लेटन पॉवेल जूनियर बुलेवार्ड के पास एक आदमी जख्मी हो गया। 24 वर्षीय उमर लेविन को गोली लगी थी। जिसके बाद अस्पताल ने जाने पर उसकी हालत बेहतर हुई। अब समझौते के बाद डक्लिन लॉपर पर कोई हिंसक आरोप नहीं है। क्योंकि वह पहले ही अपनी गलती मान लेने पर डेक्लिन लंबी सजा से बच गए हैं। अगर उन्हें ट्रायल में दोषी पाया जाता तो सात साल तक की जेल हो सकती थी।

### टॉलीवुड

## थॉमस ने जूनियर एनटीआर की 'ड्रैगन' का हिस्सा होने पर दी प्रतिक्रिया



निर्देशक प्रशांत नील की जूनियर एनटीआर स्टारर फिल्म, जिसे अभी 'ड्रैगन' के नाम से जाना जा रहा है, अपनी घोषणा के बाद से ही चर्चाओं में है। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर के साथ मलयालम स्टार टोविनो थॉमस के भी होने की चर्चाएं चल रही थीं। लेकिन अब टोविनो थॉमस ने इन चर्चाओं पर विराम लगा दिया है। टोविनो फिल्म का हिस्सा हैं या नहीं इसको लेकर उन्होंने अब स्थिति साफ कर दी है।
हैदराबाद में अपनी मलयालम फिल्म 'पल्लीचट्टाम्बी' के प्रमोशन के दौरान टोविनो थॉमस ने स्पष्ट किया कि वो प्रशांत नील और जूनियर एनटीआर की फिल्म का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने बताया कि शेड्यूल में टकराव के कारण उन्होंने 'ड्रैगन' छोड़ दी। एक्टर ने कहा कि डेट्स मिलना बहुत मुश्किल है, इसलिए मैं यह फिल्म नहीं कर रहा हूं। मैं एक साथ कई फिल्में नहीं करता। मलयालम में हम एक ही शेड्यूल में फिल्म पूरी कर लेते हैं। लेकिन तेलुगु में, एक प्रोजेक्ट में लगभग एक साल लग जाता है। मैं तीन महीने दे सकता हूं, पूरा साल नहीं।
एनटीआर-नील के नाम से मशहूर इस तेलुगु फिल्म को फिलहाल 'ड्रैगन' के नाम से पहचाना जा रहा है। यह तेलुगु सिनेमा की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म को 25 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होना है।
हालांकि, फिल्म के आगे बढ़ने और टलने की भी खबरें सामने आईं, लेकिन अभी तक मेकर्स की ओर से इसकी कोई घोषणा नहीं की गई है। फिल्म में जूनियर एनटीआर के अलावा रुक्मिणी वसंत और अनिल कपूर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। जूनियर एनटीआर आखिरी बार ऋतिक रोशन के साथ 'वॉर 2' में नजर आए थे। इस फिल्म से उन्होंने बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया है। यह यशराज के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है। हालांकि, फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों से आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था।

### भोजपुरी

## 'प्राइवेट बलमुआ' गाने में एलपीजी सिलेंडर, फैंस बोले- बवाल है



भोजपुरी इंडस्ट्री में हमेशा एक से बढ़कर गाने रिलीज होते रहते हैं। अब शिल्पी राज का एक गाना आ गया है और रिलीज होते ही इसने लोगों के दिलों पर जादू कर दिया है। हर किसी को रील्स पर इसी गाने पर नाचते देखा जा रहा है। भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री में एक बार फिर ट्रेंडिंग आवाज शिल्पी राज ने अपने नए गाने 'प्राइवेट बलमुआ' से धमाल मचा दिया है। अल्फा बीट भोजपुरी से रिलीज यह गाना दर्शकों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। रिलीज के साथ ही गाने ने यूट्यूब पर शानदार पकड़ बनाई है और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर इस पर हजारों रील्स बननी शुरू हो गई हैं। यह साफ संकेत है कि दर्शकों को आज भी साफ-सुथरे, मनोरंजक और म्यूजिकली स्ट्रॉन्ग भोजपुरी गाने खूब पसंद आते हैं। गाने की सबसे बड़ी खासियत इसकी कैची धुन, चटपटे बोल और विजुअल प्रेजेंटेशन है। प्रभु विष्णुपुरी के लिखे बोल आम दर्शकों की जुबान पर चढ़ते नजर आ रहे हैं, वहीं चमन सिंह का संगीत इसे और भी ज्यादा आकर्षक बना देता है। शिल्पी राज की ऊर्जा से भरपूर आवाज ने गाने को वह ताजगी दी है, जो इसे बार-बार सुनने लायक बनाती है। गाने को लेकर शिल्पी राज ने बताया कि, 'प्राइवेट बलमुआ' एक बहुत ही प्यारा, मजेदार और एंटरटेनिंग गाना है। इस गाने को रिकॉर्ड करते समय हमें पहले से ही एहसास था कि यह श्रोताओं को जरूर पसंद आएगा। इसके बोल, म्यूजिक और वीडियो—तीनों में एक अलग ही ताजगी है, जो आज के युवाओं के टेस्ट के बिल्कुल करीब है।




सागर की थीम से प्रेरित फैशन उन महिलाओं के बीच पसंदीदा बन गया है जो स्टाइलिश होने के साथ-साथ आरामदायक लुक भी चाहती हैं। ये हैम्पटन्स से लेकर फ्रेंच रिवेरा तक हर जगह लोकप्रिय हैं। शायद इसकी वजह है इसमें शामिल नज़ाकत और व्यावहारिक डिज़ाइन का मेल है। इसलिए भी क्योंकि ये कपड़े नौकायन और शाम की पार्टियों, दोनों ही मौकों के लिए एकदम सही रहते हैं। वजह चाहे जो भी हो, समुद्री थीम वाले कपड़े समुद्री किनारे पर बिताए जाने वाले जीवन की खूबसूरती को दर्शाते हैं।

## गोल्ड इयररिंग के डिजाइन आपको देंगे खूबसूरत लुक

अगर आपको भी गोल्ड का इयररिंग पढ़ना पसंद है तो सोच रहा है कि कैसी डिजाइन बनवाएं आजकल कौन सी ऐसी डिजाइन है जो ज्यादा चल रही है। अगर आपको हैवी पहनना पसंद है तो हैवी बना सकते हैं या आप हल्की वजन में भी बनवा सकते हैं1
अगर आपको सुई धागा ईयररिंग डिजाइन पसंद है तो आप इनमें से आइडिया ले सकते हैं आजकल सुई धागा ईयररिंग डिजाइन बहुत ज्यादा चल रही है महिलाएं और लड़कियां दोनों ही ज्यादा बनवा रही है इस तरह का डिजाइन होती है जो आपको कम बजट में मिल जाएगी यह हियरिंग लाइटवेट होती है इसकी शुरुआत की प्राइस की बात करें तो आपको 10000 से स्टार्ट होती है ये पहनने में भी आसन होती हैं बहुत ही हल्की होती है औरभी लगती है खास कर ये डिजाइन लड़कियों को ज्यादा पसंद आ रही है । झुमका किसे पसंद नही है, हमे पता है कि आपको भी झूमका जरूर पसंद होगी1 सूट हो या साड़ी दोनों पर झुमका बहुत ही अच्छी लगती है तो आप भी सोच रहें हैं की कैसा डिजाइन बनवाएं तो आप बिलकुल सही जगह पर आए हैं, ये डिजाइन आपके खुबसूरती को चार चांद लगा देगी1 तो जरा देखिए ये डिजाइन ।
डेली उसे में पहनने के लिए गोल्ड का इयररिंग डिजाइन का कुछ डिज़ाइन दिखाए गए हैं इनमें जरूर कोई ना कोई जरूर पसंद आएगी हमने इस में बहुत ही लाइट पर डिजाइन रखे हैं लड़कियां हो या महिलाएं दोनों यह डिजाइन जरूर ट्राई कर सकते हैं यह डिजाइन न्यू है इसकी प्राइस की बात करें तो आपको ओनली 6000 से स्टार्ट होती है आप अपने अनुसार से बनवा सकते हैं क्योंकि हमेशा सोचते रहते हैं कि कौन सी डिजाइन डेली यूज में पहने तो आप इन डिजाइन पर जरूर



नजर डालें। डेली उसे में पहनने के लिए गोल्ड का इयररिंग डिजाइन का कुछ डिज़ाइन दिखाए गए हैं इनमें जरूर कोई ना कोई जरूर पसंद आएगी हमने इस में बहुत ही लाइट पर डिजाइन रखे हैं लड़कियां हो या महिलाएं दोनों यह डिजाइन जरूर ट्राई कर सकते हैं यह डिजाइन न्यू है इसकी प्राइस की बात करें तो आपको ओनली 6000 से स्टार्ट होती है आप अपने अनुसार से बनवा सकते हैं क्योंकि हमेशा सोचते रहते हैं कि कौन सी डिजाइन डेली यूज में पहने तो आप इन डिजाइन पर जरूर नजर डालें। हमें उम्मीद है कि आपको इसमें से कोई ना कोई डिजाइन जरूर पसंद आई होगी क्योंकि हमने आपके साथ पांच टाइप के डिजाइन शेयर किए हैं जो की टॉप डिजाइन है और सिंपल डिजाइन है और गोल्ड के झुमका के डिजाइन शेयर किए हैं ।

## स्टाइल करेंगी प्रिंटेड लहंगा तो आपके लुक के सामने फीका पड़ जाएगा सबका रंग



लहंगा एक पारंपरिक ड्रेस है जो की महिलाएं अपनी खूबसूरती को बढ़ाने के लिए पहनती है और जब बात है शादी और खास मौके पर क्या पहने तो सबसे पहले महिलाएं लहंगा ही पसंद करती है, अगर आप किसी खास पार्टी या फिर शादी में आकर्षक लुक चाहते हैं तो आपके लिए यह प्रिंटेड लहंगा एक बेहतरीन ऑप्शन हो सकती है इसके डिजाइन रंग आपके लुक को और भी रॉयल बना सकते हैं।



आज हमको कुछ ऐसे और बेहतरीन प्रिंटर लहंगा दिखाएंगे जो आप आने वाली शादी पर पहन सकते हैं और इसे आप स्टाइल करके सबसे ट्रेंडी और फैशनेबल लुक पा सकते हैं यह लहंगा ऐसी है जो कि हर किसी पर परफेक्ट होने वाली है या फिर आपके घर में किसी की शादी है या फिर अन्य रिश्तेदारी में तो आपको यह प्रिंटेड लहंगा जरूर ट्राई करनी चाहिए।

### फूलों वाली प्रिंटेड लहंगा



यह फूलों वाली प्रिंटेड लहंगा हमेशा ही ट्रेंडी और स्टाइलिश रही है यह लहंगा खास कर उन लड़कियों के लिए बेहतरीन है जो की एक सॉफ्ट और एलिगेंट लुक चाहती है इस लहंगा में फूलों का प्रिंट किया गया है जो की ऑर्गेंजा फैब्रिक में है इसका ब्लाउज में आपको एंब्रॉयडरी का वर्क देखने को मिल जाएंगे यह लहंगा अभी काफी ट्रेंड में है और लहंगे के अलावा और ऑर्गेंजा फैब्रिक की हर आउटफिट अभी फैशन में चल रहे हैं तो आपको भी आने वाली शादी या फिर त्यौहार में यह फूलों वाली प्रिंटर लेना है जरूर ट्राई करना चाहिए इसमें दुपट्टा भी काफी बेहतरीन सा दिया गया है ।
फूलों वाली प्रिंटेड लहंगा

### रेड प्रिंटेड लहंगा

रेड प्रिंटेड लहंगा एक शानदार ऑप्शन है और खासकर उन महिलाओं के लिए जो की शादी पार्टी में शामिल होने जा रही है तो आपको हर एक लहंगा जरूर ट्राई करना चाहिए और इसमें प्रिंट किया जाए जो की काफी प्यारा सा है ।

## ब्राइडल लुक में चार चांद लगा देंगे कुछ अनूठे हेयरस्टाइल

शादी का सीजन जारी है ऐसी महिलाएं अपने लिए अलग-अलग तरह के खूबसूरत ज्वेलरी खरीदती है ताकि वह शादी में सबसे अलग खूबसूरत दिख सके ऐसे में एक बन भी आता है आप लहंगा पहने है या कोई भी ड्रेस आसनी से आप इस तरह का बाल गजाला अपने बाल में लगा कर आपने लुक को आकर्षक बना सकते हैं हम आपके लिए लेकर आए एकदम यूनिक डिजाइन जो कि आपको देखते ही पसंद आएगी। अगर आपकी शादी होने वाली है तो ले सकते हैं, खासकर इस तरह के लड़कियां भी अपने लिए बहुत ही खरीदती है याह देखने में काफी खूबसूरत लगती है।
अगर आपको सिंपल पसंद है तो आप इस तरह का बन अपने लिए ले सकते हैं इसमें दो कलर का गुलाब का फूल दिया गया जो की काफी खूबसूरत लग रही है येलो और पिंक के कांबिनेशन में है देख सकते हैं कितनी प्यारी लग रही है यह आपको 200 से 300 में मार्केट में आसानी से मिल जाएगी या आप किसी भी ऑनलाइन एप से खरीद सकते हैं यह देखने में खूबसूरत लग रही है1



इस तरह के डिजाइन स्पेशली आप हल्दी फंक्शन या फिर मेहंदी के लिए ले सकते हैं इसमें आपको और कलर ऑप्शन मिल जाएगी आजकल लड़कियां अपने लिए बहुत ही लेती है यह देखने में काफी खूबसूरत लगती है आजकल इसका फैशन काफ़ी चल रहा है इसमें आपको इयरिंग्स भी साथ में मिल जाएगी , देख सकते हैं आपके पूरे हेयर में इसका डिजाइन आ जाएगा बीच में गुलाब का फूल दिया गया है और मोती का भी डिजाइन दिया गया जो की काफी यूनिक लग रही है ।

## आपके लुक को आकर्षक बना देंगे लटकन

अगर आप भी सोच रहे हैं कि किस तरह के लटकन अपने ब्लाउज में या आप सूट में या कोई और भी आउटफिट में लगवाने के लिए तो आप बिल्कुल सही जगह पर आए हैं यहां आपको देखने को मिल जाएगी कोई भी पसंद आती है तो आप जरूर ट्राई कर सकते हैं
लेस वाला लटकन होती है ओ बहुत ज्यादा अच्छी लगती है, अगर आपको ऐसा एक लटकन पसंद है तो आप इसे एक लटकन लहंगा में या फिर ब्लाउज में या आप किसी भी आउफिट में लगवा सकते हैं क्योंकि इस तरह के लटकन बहुत ही अच्छी लगती है थोड़ा हैवी होती है इसलिए बहुत ही प्यारी लगती है।
अगर आपको मिरर वाले लटकन पसंद आए तो आप जरूर ट्राई करें क्योंकि इस तरह से लटकन होती है न ओ नाइट पार्टी के लिए बहुत ही अच्छी लगती है अगर सबसे अलग दिखना चाहते तो आप जरूर ट्राई करें, ये आपको किसी भी ऑनलाइन ऐप या फिर किसी भी शॉप में आपको इस तरह का लटकन देखने को मिल जाएगी इसकी प्राइस की बात करें तो यह आपको 100 से लेकर 200 के बीच में आपको मिल जाएगी तो आप अपने बजट के अनुसार से इसे खरीद सकते हैं।
बॉल लटकन डिजाइन आजकल बहुत ज्यादा चल रही है इस तरह का डिजाइन जो होती है जो लहंगा है बहुत ही ज्यादा अच्छी लगती है तो आप लहंगा स्टिच कर वा रहे



तो सोच रहें है किस तरह का लटकन डिजाइन लगाएं तो आप जरूर लगा सकते क्योंकि यह जो डिजाइन बहुत ही ट्रेंड में चल रही है लहंगा के लिए तो बहुत ही परफेक्ट है, यह आपको मार्केट में आसानी से मिल जायेगी अगर आपको पसंद है तो आप टेलर से बोलकर इस तरह के के लटकन स्टिच भी करवा सकते हैं1 अगर आपको इस तरह का लटकन पसंद है तो और सोच रहे हैं कि कौन सी ऐसी डिजाइन है जो आप अपने ब्लाउज में लगवाए तो आप इस तरह का डिजाइन सिलेक्ट कर सकते हैं अपने लिए क्योंकि यह डिजाइन होती है सबको पसंद आती है आप इसे ऑनलाइन एप से या फिर किसी भी शॉप में जाकर खरीद सकते हैं यह आपको 100 से 150 के बीच में आपको मिल जाएगी1

### कार्नर न्यूज

#### ग्रूमिंग के दौरान आपको लगता है कि लोग देखते नहीं, मगर आप गलत हैं

## ग्रूमिंग के दौरान होने वाली गलतियां असर डालती है आपके व्यक्तित्व पर, लोगों की नजरों से बचें

'अरे छोड़ो इस पर कौन ध्यान देगा' ग्रूमिंग पर खूब सारा ध्यान देने वाले आप अक्सर यही कहकर बड़ी गलतियां कर देते हैं और आपको अंदाजा भी नहीं होता है कि लोग आपकी इन गलतियों पर पूरा ध्यान दे रहे हैं। ग्रूमिंग बेस्ट लुक का जरूरी हिस्सा है। इसलिए आपको थोड़ा एक्टिव तो होना पड़ेगा। इसके बिना मामला सेट नहीं हो पाएगा। इसके लिए छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर खुद को वेल ग्रूम्ड वाली श्रेणी में लाया जा सकता है। आपको अलग से कुछ नहीं करना है।

### ग्रूमिंग की गलतियों पर पड़ती है लोगों की नजर

ग्रूमिंग आपके लुक को पूरा करती है। आप भी इसके बिना खुद को अधूरा पाते होंगे। लेकिन कुछ बातें ऐसी होती हैं, जिन पर आप खुद ध्यान ये सोचकर नहीं देते कि कौन इस पर ध्यान देगा। कौन सी हैं ये ग्रूमिंग की गलतियां जान लीजिए-
कान, नाक और आइब्रो के बाल
एक उम्र के बाद शरीर के कई हिस्से ऐसे होते हैं, जिनमें से बाल दिखने लगते हैं लेकिन अफ़सोस



आप उनको ट्रिम करने की सोचते ही नहीं है। आपको लगता है इनको कौन ही देखेगा। लेकिन लोग देखते हैं। लोग देखते हैं कि आपने महंगे कपड़े पहने, हेयर केयर सलीके से किया लेकिन नाक, कान और आईब्रो के बालों को यों ही छोड़ दिया। ये काम कठिन नहीं है बल्कि इसे आप खुद भी कर सकते हैं। या फिर इसे शेविंग के समय सैलून में भी किया जा सकता है। ध्यान दीजिए और कर लीजिए।

### गंदे नाखून साफ नहीं किए

आपके नाखून की सफाई भी जरूरी होती है। कई बार लोग पूरे शरीर की सफाई करते हैं लेकिन नाखूनों को भूल जाते हैं। लेकिन ये सही नहीं है। लोगों को आपके हाइजीन का अंदाजा नाखून देकर ही लग जाता है इसलिए ये काम शुरू कर दीजिए। समय-समय पर पैर और हाथ के नेल्स काटते रहिए। अगर तब भी ये अच्छे न लगें तो आप पैडीक्योर और मैडीक्योर करा सकते हैं।

### ओरल हाइजीन भी रखिए ध्यान

ब्रश करके आप अपने ओरल हाइजीन को भूल जाते हैं तो गलत करते हैं। दरअसल सिर्फ ब्रश करने से दांत और मुंह की सफाई नहीं हो पाती है। बल्कि आपको ब्रश के साथ फ्लोसिंग भी करनी होगी और माउथ फ्रेशनर गार्गल भी करना होगा। अगर ये सब नहीं करेंगे तो दो बार ब्रश करने के बाद भी मुंह से बदबू आएगी और आपके लुक पर फिर कोई ध्यान नहीं देगा।

